हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026


1 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 6 मिनट पर प्रारंभ हुई पूर्णिमा, उदया तिथि के आधार पर हनुमान जयंती आज

# ध्रुव योग व हस्त नक्षत्र में मनेगी हनुमान जयंती, पूजन करने प्रातः 7 बजकर 44 मिनट तक का समय सर्वश्रेष्ठ, क्योंकि सुबह जन्मे थे हनुमंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

हनुमान जयंती का इंतजार हर साल भक्तों को खास उत्साह से रहता है, क्योंकि ये दिन शक्ति, भक्ति और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। साल 2026 में भी ये पर्व खास संयोग लेकर आ रहा है, जहां तिथि, नक्षत्र और शुभ योग मिलकर इसे और भी महत्वपूर्ण बना रहे हैं। इस साल हनुमान जयंती 2 अप्रैल को मनाई जाएगी। दरअसल, चैत्र पूर्णिमा तिथि एक अप्रैल सुबह 7:06 बजे से प्रारंभ हुई। पूर्णिमा तिथि 2 अप्रैल सुबह 7:41 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के आधार पर 2 ⏭ शेष पेज 6 पर

### हनुमान चालीसा पाठ

हनुमान मंदिर संग राम मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी है। सभी प्रमुख मंदिरों में इसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अखंड अथवा सत बार हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाएगा। भजन संध्या भी मंदिरों में रखी गई है। सिंदूर, चमेली का तेल, लाल ⏭ शेष पेज 6 पर

*दोपहर 2.20 बजे तक रहेगा ध्रुव योग, हस्त नक्षत्र संध्या 5.38 बजे तक*



### पूजन मुहूर्त

हनुमान जन्म सुबह के समय माना जाता है, इसलिए सुबह पूजा का विशेष महत्व होता है। 2 अप्रैल को सुबह 6:10 बजे से 7:44 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। वहीं जो लोग सुबह पूजा नहीं कर पाते, वो शाम को 6:39 बजे से 8:06 बजे के बीच पूजा कर सकते हैं। इसके बाद सामान्य मुहूर्त 9:32 बजे तक रहेगा। हनुमान जयंती पर ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:38 बजे से 5:24 बजे तक रहेगा, जो ध्यान और पूजा के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:00 बजे से 12:50 बजे तक रहेगा, जिसे शुभ कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है।

### प्रातःकाल जन्म

*हनुमान जन्म प्रातःकाल हुआ था। मंदिर में सुबह 5 बजे आरती की जाएगी। गृहस्थ तड़के पूजा नहीं कर सकते हैं, तो दिन में किसी भी समय कर सकते हैं।*

*- पं.राजेश शर्मा*
*श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, बूढ़ेश्वर चौक, रायपुर*


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹112910/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹137900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹150531/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### चंडीगढ़ में भाजपा मुख्यालय के बाहर धमाका, अलर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में बम ब्लास्ट हुआ है। बुधवार शाम बाद सेक्टर-37 स्थित भाजपा दफ्तर के बाहर एक स्कूटी में जोरदार धमाका होने से वहां अफरा-तफरी मच गई। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और जांच शुरू कर दी गई है।

नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही लगा झटका

# महंगाई से हुआ अप्रैल का आगाज, एलपीजी एटीएफ, एटीएम समेत कई चीजें काटेंगी जेब

*नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही महंगाई का झटका लगा है। अप्रैल के पहले दिन को 'महंगाई-डे' कहना गलत न होगा। बुधवार को एलपीजी सिलेंडर महंगा हुआ है, तो हवाई ईंधन की कीमत एक झटके में दोगुनी हो गई हैं, यही नहीं शेयर बाजार में एफएंडओ ट्रेडिंग पर भी महंगाई की मार पड़ी है। आइए जानते हैं ऐसे कौन से क्षेत्र हैं जहां आम आदमी की जेब पर असर पड़ने जा रहा है।*


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अप्रैल का महीना कई बदलावों के साथ शुरू हो गया है। सबसे पहला झटका एलपीजी यूजर्स को लगा है। देश में 1 अप्रैल से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर कीमत 218 रुपये तक बढ़ाए गए हैं। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी नई कीमत 2078.50 रुपये, कोलकाता में 2208 रुपये, मुंबई में 2031 रुपये और चेन्नई में 2246.50 रुपये हो गई है। हालांकि, ⏭ शेष पेज 6 पर

> ■ मिडिल ईस्ट युद्ध के चलते पूरी दुनिया में मचा है हाहाकार

### एटीएम से लेन-देन पड़ेगा महंगा

तमाम बैंकों ने अप्रैल के पहले दिन एटीएम विड्ड्रॉल के नियम बदलकर ग्राहकों की जेब का बोझ बढ़ाने वाला कदम उठाया है। एचडीएफसी बैंक के एटीएम से यूपीआई का यूज कर कैश निकालते हैं, तो अब ये निकासी एटीएम फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट में गिनी जाएगी, पहले ऐसा नहीं था। महानगरों में एचडीएफसी एटीएम में 5 ट्रांजैक्शन, जबकि अन्य जगह 3 ट्रांजैक्शन फ्री हैं, इसके बाद हर ट्रांजैक्शन के लिए 23 रुपये का चार्ज और टैक्स लगेगा।



### हवाई सफर हुआ महंगा, इंडिगो ने बढ़ाया सरचार्ज


मिडिल ईस्ट संकट की वजह से इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का ऐलान किया है। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में अधिकतम ₹950 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में ₹10,000 तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाया है। नई कीमतें 2 अप्रैल रात 12:01 बजे से लागू होंगी। पहले जहां सभी घरेलू रूट पर ₹425 का फ्लैट फ्यूल चार्ज लागू था अब इसे दूरी के आधार पर तय किया गया।

### कार खरीदना हुआ महंगा

*अप्रैल के पहले दिन से कार खरीदना भी महंगा हो गया है। तमाम कार निर्माता कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। इनमें टाटा मोटर्स अपनी पेट्रोल-डीजल (आईसीई) गाड़ियों की कीमत में करीब 0.5% की बढ़ोतरी कर रही है। तो एमजी मोटर्स ने भी 1 अप्रैल से अपने पूरे व्हीकल पोर्टफोलियो (पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक) की कीमतों में 2% बढ़ोतरी का ऐलान किया है। इसके अलावा लग्जरी कारों मर्सडीज-बेंज, बीएमडब्लू और ऑडी जैसी कारों के दाम भी 2 फीसदी बढ़ रहे हैं।*

बर्खास्त पुलिसकर्मी गिरफ्तार

# शक में ले ली पत्नी और बेटी की जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदलती जीवनशैली, तकनीकी निर्भरता से सामाजिक ताना-बाना बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसका परिणाम परिवार में अलगाव के साथ बात हत्या तक पहुंच रही है। ऐसा ही एक मामला विधानसभा थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव का है। यहां बुधवार को एक बर्खास्त पुलिसकर्मी ने अपनी पत्नी तथा 22 साल की बेटी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। हत्या करने के ⏭ शेष पेज 6 पर


### पूर्व पति को छोड़कर आई प्रेमिका की हत्या

*मंगलवार को उरला थाना क्षेत्र में महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मूलतः मध्यप्रदेश, अनूपपुर निवासी राधा पट्टी (30) की हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतका के प्रेमी अमित सिसोदिया देवार को गिरफ्तार किया है। अमित ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि प्रेम प्रसंग के कारण महिला अपने पति दशरथ को छोड़ कर उसके साथ रह रही थी। अमित को अपनी पत्नी का किसी दूसरे के साथ प्रेम प्रसंग* ⏭ शेष पेज 6 पर


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC
THE World University Rankings 2026 — 501+ Cohort Globally — 5th India Rank
QS World University Rankings 2026 — 1st in Odisha — 9th in India among pvt. universities
nirf 2025 — 17th Among Indian Universities
NBA — Tier 1 Re-accredited by NBA
ABET — ABET (US) Accreditation
IET Accredited Programme — The Institute of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
Partnership with UN Volunteers

KIITEE 2026
APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)




Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes
[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/ Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc.(Fintech & Business Analytics)
- B.Sc.(Statistics & Data Analytics)
- BA LLB (Hons) (5 Years)
- BBA LLB (Hons) (5 Years)
- B.Sc LLB (Hons) (5 Years)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- MBA (2 Years)
- MBA-Rural Management (2 Years)
- MBA -Agribusiness (2 Years)
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights
750+ Companies | 6000+ Job Offers | ₹53 LPA Highest Salary Offered | ₹8.50 LPA Average CTC | 1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024
admission@kiit.ac.in | kiitee.ac.in | 8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.



# जल जीवन मिशन प्यासा, दो साल से केंद्र ने नहीं दी राशि, ठेकेदारों का पेमेंट अटका

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन का कार्य कर रहे ठेकेदारों का भुगतान लंबित है। सभी जिलों में जल जीवन मिशन का कार्य भुगतान न मिलने के कारण ठप है। जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश में कराए जाने वाले कार्यों के लिए हितग्राहियों के अंशदान को छोड़कर केन्द्र सरकार द्वारा 50 प्रतिशत राशि राज्य शासन को दी जाती है व राज्य शासन द्वारा 50 प्रतिशत राशि राज्यांश के रूप में दी जाती है। केंद्रांश की राशि पिछले दो सालों से नहीं मिल पाने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। केंद्रीय कैबिनेट से जल जीवन मिशन-2 को मंजूरी मिलने के बाद पहले चरण में 770 करोड़ की राशि राज्य को मिल चुकी है। वित्त विभाग की मंजूरी के बाद ठेकेदारों को भुगतान किए जाएंगे।

## अब तक 82 प्रतिशत कार्य पूरे, अधूरे कार्य दो साल में पूरे होंगे



बताया गया है कि 24- 25 के बजट में जल जीवन मिशन के लिए 4500 करोड़ का प्रावधान किया था, केंद्र की ओर से 191.59 करोड़ की राशि मिली। केंद्र की ओर से 2250 करोड़ आना था, लेकिन केंद्र की ओर से 2151.41 करोड़ नहीं दिया गया। वहीं 2025-26 में केंद्रांश के रूप में कोई राशि राज्य को जारी नहीं किया गया। जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण कार्यों तथा नल-जल विस्तार के लिए केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.67 प्रतिशत राशि एवं 2025-26 में कोई भी राशि केन्द्रांश के रूप में नहीं प्रदान की गई है। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 में 94.33 प्रतिशत राशि एवं 2025-26 में 100 प्रतिशत राशि राज्यांश के रूप में दी गई है। राज्यांश से ही कुल कराए गए कार्यों का आधा भुगतान जारी किया गया। राज्य में 2024 में जल जीवन मिशन का कार्य पूरा किया जाना था। योजना 2028 तक बढ़ाई गई। राज्य में जल जीवन मिशन के कार्य में जो व्यय हुआ है वो मिशन के 26 हजार करोड़ का है, इनमें से 13484 करोड़ की राशि मिल थी, जिसमें से ठेकेदारों को भुगतान हुआ। राज्य में जल जीवन मिशन के तहत कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिससे ठेकेदारों को भारी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। सरगुजा सहित कई जिलों में ठेकेदारों ने भुगतान न मिलने पर प्रदर्शन किया है और आत्मदाह की चेतावनी भी दी है, जिसके बाद जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है। रायगढ़ और अन्य जिलों में 200 से अधिक ठेकेदारों का लगभग 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान अटका हुआ है, जिससे कई जगहों पर काम ठप हो गया है।

दो सालों केंद्रांश की राशि न मिलने कई जिलों में मिशन का काम आधा अधूरा है। बताया गया है कि जल जीवन मिशन-2 की मंजूरी के बाद 31 दिसंबर 2028 तक मिशन के अधूरे कार्य पूरे किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए 770 करोड़ की राशि प्रथम चरण में मंजूर की है।550 करोड़ की राशि राज्य सरकार को जारी की गई है। जल्द ही वित्त विभाग की स्वीकृति के बाद भुगतान की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।बताया गया है कि अब भुगतान तभी होगा जब योजना के सभी काम पूरे हो जाएंगे और पंचायत से सत्यापन के बाद काम हैंडओवर कर दिए जाएंगे।

### केंद्र ने जारी की राशि, ठेकेदारों का भुगतान जल्द

जल जीवन मिशन 2.0 को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। अब अधूरे कार्य का पूरा करने कार्य शुरू होगा। केंद्र ने प्रथम चरण में राज्य को राशि जारी कर दी है। आगामी एक-दो सप्ताह में वित्त की मंजूरी के बाद ठेकेदारों के लंबित भुगतान भी जारी किए जाएंगे।

– **जितेंद्र शुक्ला**, संचालक, जल जीवन मिशन

## खबर संक्षेप

### निलजा में हनुमान चालीसा और मानस पाठ आज

**रायपुर**। सारागांव के ग्राम निलजा में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम के दौरान सुबह हनुमान जी के पूजन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह अनुष्ठान संकट निवारण और मानसिक शांति प्रदान करने के लिए राम-हनुमान की संयुक्त आराधना पर केंद्रित है। साथ ही प्रसादी वितरण का भी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इसके बाद मानस गान का कार्यक्रम शुरू होगा जो देर रात तक चलेगा। शाम को स्वान्तः सुखाय मानस परिवार छुईहा (गरियाबंद) और श्रीराम चरित्र मानस परिवार चारामा (कांकेर) की मंडलियां प्रस्तुति देंगी।

### बूढ़ेश्वर चौक पर मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**रायपुर**। देशभर में 2 अप्रैल को श्रीहनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। चैत्र पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले इस पर्व पर मंदिरों में भव्य सजावट, शोभायात्रा, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और विशेष भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं, जहां भक्त हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इसी कड़ी में बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्रीसंकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी दौरान जन्म उत्सव आरती सुबह 5 बजे एवं दैनिक आरती सुबह 8 बजे होगी। इसके अलावा भोग, राग, आरती दोपहर 12 बजे एवं महाआरती रात्रि 8 बजे श्रीसंकटमोचन वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में की जाएगी। मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रीसंकटमोचन वीर हनुमानजी का दर्शन लाभ लें एवं अपने जीवन को सार्थक बनाएं।

### विमतारा भवन में महिला सम्मान समारोह आज

रायपुर। कल्प फाउंडेशन द्वारा शांतिनगर स्थित विमतारा भवन में 2 अप्रैल को सृजन महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था की सलाहकार व लेखिका शीलू लुनिया द्वारा लिखित पुस्तक सृजन का विमोचन भी किया जाएगा। समारोह में अंचल की 45 उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में अपने उल्लेखनीय कार्यों से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के संयोजक रानू लुनिया और अध्यक्ष मासूम लुनिया ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष शताब्दी पांडेय व समीक्षक वरिष्ठ साहित्यकार लतिका भावे होंगी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ लेखिका आशा मानव, डॉ.सोनाली चक्रवर्ती व डॉ.नम्रता सिंह उपस्थित रहेंगे।

### गांजा-बटनदार चाकू के साथ 2 गिरफ्तार

**रायपुर**। एसीसीयू और विधानसभा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से गांजा और बटनदार चाकू जब्त किया गया है। ग्राम छपोरा स्थित छपोरा पुलिया के पास दोपहिया वाहन में सवार दो व्यक्ति गांजा बिक्री के लिए रखे हुए थे। सूचना पर दोनों को पकड़ा गया।

## मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम नरदहा-धनसुली एवं खपरी में विभागीय टीम ने की जांच

# चूनापत्थर की 6 खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन, 4 खदानों में क्रेशर सील, 2 को नोटिस

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिले के मंदिर हसौद क्षेत्र में वैध रूप से संचालित चूना पत्थर की खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन का कार्य किया जा रहा था। खनिज विभाग की टीम ने बुधवार को इस क्षेत्र में संचालित चूना पत्थर खदानों की जांच की। इस दौरान आधा दर्जन खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन होना पाया। इनमें से 4 खदानों में लगी क्रेशर मशीनों को सील करने की कार्रवाई भी की गई है, वहीं अन्य 2 खदानों के पट्टेदारों को नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों के अनुसार इन खदानों में अनुबंध से अधिक रकबा में खनन, सूचक बोर्ड नहीं लगाना, रायल्टी सहित अन्य कई नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था।

खनिज विभाग के अफसर राजेश मालवे ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर विभाग की टीम को चूनापत्थर खदानों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच के लिए भेजा था। इस टीम में सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव और स्तुति निगम सहित विभाग के सिपाही भी थे। टीम ने मंदिद हसौद अंतर्गत ग्राम नरदहा, धनसुली एवं खपरी में संचालित चूनापत्थर खंदानों की जांच की है। जांच के दौरान पट्टेदार श्रीचंद प्रीतवानी, शैलेंद्र चौरसिया, महादेव माइनिंग (महेश प्रीतवानी) एवं निमेष कुमार चेलक की खदानों में नियमों के विरुद्ध खनन का काम चल रहा था। इन खदानों में रायल्टी, सूचक बोर्ड, अनुबंध से अधिक रकबा में खनन सहित अन्य कई नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। इन चारों खदानों में लगी क्रेशर मशीनों को सील करने की कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध प्रकरण बनाया है। इसी प्रकार योगेश अग्रवाल खसरा 1426 रकबा 1.896 तथा प्रवीण पटेल नरदहा आरंग खसरा 548/1,548,459 रकबा1 हेक्टेयर, महेश प्रितवानी 1.113 हेक्टेयर खदान की भी जांच की गई। इन दोनों खदानों में भी नियमों के विरुद्ध खनन सहित अन्य कार्य किए जा रहे थे। विभाग ने दोनों को नोटिस जारी किया है।

## जांच के दौरान पट्टेदार गेट पर ताला लगाकर हुआ फरार



जांच टीम में शामिल खनिज सहायक अधिकारी उमेश भार्गव ने बताया कि जांच के दौरान उन्हें काफी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। उनकी टीम जैसे ही धनसुली स्थित शैलेंद्र चौरसिया के खदान पहुंची, उसी दौरान पट्टेदार शैलेंद्र चौरसिया विभागीय टीम को देखकर अपने खदान जाने वाले रास्ते का मुख्य गेट बंद कर वहां से फरार हो गया। इसके कारण खनिज विभाग के अधिकारियों एवं सिपाहियों को तारों से घिरी बाउंड्रीवॉल को फांदकर अंदर जाना पड़ा। सहायक अधिकारी ने बताया कि खदान के खनन अनुबंध में यह भी शर्त शामिल है कि विभाग की टीम किसी भी समय जांच करने खदान पहुंच सकती है। इस जांच में पट्टेदार को पूरा सहयोग करना होगा, लेकिन इस जांच में पट्टेदार गेट पर ताला लगाकर फरार हो गया।

उल्लेखनीय है कि इन चूनापत्थर खदानों की तरह ही जिले में संचालित अन्य कई खदानें हैं, जहां नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। हालही में विभाग ने आरंग क्षेत्र के ग्राम निसदा में 7 फर्शी खदानों पर कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध 30 करोड़ 30 लाख रुपए का प्रकरण बनाया है। जिला प्रशासन ने इन सातों खदानों का अनुबंध पट्टा भी निरस्त कर दिया है। संभावना जताई जा रही है कि जिन चूनापत्थर की खदानों के विरुद्ध प्रकरण बनाए गए हैं। उनके विरुद्ध भी बड़ी राशि का अर्थदंड या अनुबंध निरस्त किए जा सकते हैं।

# नई डिजिटल सेवाओं का विस्तार, इंद्रावती में केंद्रीय कोषालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा राज्य में वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कई नई डिजिटल सेवाओं का शुभारंभ किया गया है। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विभागों एवं अन्य हितधारकों को सरल, सुलभ एवं आधुनिक सेवाएं प्रदान करना है।

इसी क्रम में ई-चालान के अंतर्गत ओटीसी प्रणाली को 1 अप्रैल से सभी प्रकार की शासकीय प्राप्तियों को जमा करने के लिए प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से अब नागरिक एवं संस्थाएं ऑनलाइन माध्यम से चालान तैयार कर राजस्व का भुगतान आसानी से कर सकेंगे। इससे भुगतान प्रक्रिया अधिक सरल एवं समयबद्ध होगी तथा लेखांकन में आसानी होगी। कोषालयों में ऑनलाइन बीटीआर सुविधा भी प्रारंभ की गई है।

संचालक कोष, लेख एवं पेंशन की संचालक पद्मिनी भोई साहू इंद्रावती भवन, कोष लेखा विभाग में राज्य के केंद्रीय कोषालय का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि व्यवस्था के तहत भारत सरकार से



प्राप्त होने वाले राशी के लिए उपयोग की जाने वाली एसएनए स्पर्श प्रणाली से संबंधित भुगतानों का संचालन अब अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं केंद्रीकृत तरीके से किया जाएगा, जिससे भुगतान प्रक्रियाओं में दक्षता आएगी।

### नई वेबसाइट लांच

इसके अतिरिक्त, संचालनालय कोष एवं लेखा की नई वेबसाइट भी लॉन्च की गई है, जिसमें उपयोगकर्ता को कार्यालय से सबन्धित अद्यतन जानकारी, विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं एवं आवश्यक सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाएंगी। संचालनालय का यह अभिनव प्रयास राज्य में वित्तीय प्रशासन को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने तथा डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नई आबकारी नीति मामले में सरकार को हाईकोर्ट से राहत, स्टे एप्लिकेशन खारिज

बिलासपुर। नई आबकारी नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को बड़ी राहत दी है। अदालत ने स्टे एप्लिकेशन को खारिज करते हुए फिलहाल नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस फैसले के बाद राज्य सरकार को अपनी नई नीति लागू रखने का रास्ता साफ हो गया है।



मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की सिंगल बेंच में हुई, जहां याचिकाकर्ता की ओर से नई आबकारी नीति में कई खामियां बताई गई थीं। विशेष रूप से प्लास्टिक बोतलों में शराब की बिक्री को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए थे। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि यह व्यवस्था न केवल पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हो सकती है, बल्कि इससे गुणवत्ता और नियंत्रण संबंधी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। हालांकि, कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई में इन दलीलों को पर्याप्त आधार नहीं माना और स्पष्ट किया कि प्रथम दृष्टया नीति में कोई ऐसी त्रुटि नजर नहीं आती, जिसके आधार पर तत्काल रोक लगाई जाए।

### नीति निर्माण सरकार का अधिकार क्षेत्र

अदालत ने कहा कि नीति निर्माण सरकार का अधिकार क्षेत्र है और जब तक उसमें स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन या गंभीर अनियमितता साबित नहीं होती, तब तक न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करेगा। राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि नई आबकारी नीति व्यापक विचार-विमर्श और विशेषज्ञों की राय के बाद बनाई गई है। इसमें राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ वितरण प्रणाली को पारदर्शी और नियंत्रित बनाने का प्रयास किया गया है। प्लास्टिक बॉटलिंग के मुद्दे पर भी सरकार ने तर्क दिया कि यह व्यवस्था कुछ विशेष परिस्थितियों और जरूरतों को ध्यान में रखकर लागू की गई है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि फिलहाल राज्य में नई आबकारी नीति लागू रहेगी और उसमें कोई तत्काल बदलाव नहीं होगा। हालांकि, अदालत ने मामले को पूरी तरह खारिज नहीं किया है और अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है। इसका मतलब है कि याचिका पर विस्तृत बहस अभी बाकी है और अंतिम निर्णय बाद में लिया जाएगा।

### नकली/मिलावटी शराब पर रोक लगाने में मदद मिलेगी

ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2026 से लागू नई आबकारी नीति के तहत सरकारी शराब दुकानों में कांच की जगह प्लास्टिक (पीईटी) बोतलों में शराब बेची जाएगी, जिसे लेकर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं जताई जा रही हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि बदलाव का मुख्य उद्देश्य परिवहन के दौरान होने वाले नुकसान को कम करना और सस्ती देशी शराब उपलब्ध कराना है। सरकार के मुताबिक कांच की बोतलें टूटती बहुत थीं, जिससे नुकसान होता था। इसके अलावा, प्लास्टिक बोतलों से नकली/मिलावटी शराब पर रोक लगाने में मदद मिलेगी, क्योंकि इनके कैप को दोबारा सील करना मुश्किल है। इससे सरकार को राजस्व में लगभग 1500 करोड़ की अतिरिक्त कमाई होने की उम्मीद है।

# शहर की सफाई व्यवस्था खराब, हाईकोर्ट ने निगम आयुक्त से मांगा जवाब

**बिलासपुर**। हाईकोर्ट ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर नगर निगम आयुक्त से शपथपत्र पर जवाब मांगा है। इस जनहित याचिका के रूप में अगली सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

दरअसल शहर के चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों व छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमाओं की नियमित साफ-सफाई नहीं हो पा रही है और अंधेरे में भी डूबी हुई हैं। विशेष अवसरों और कार्यक्रमों के दौरान जल्दबाजी में पानी छिड़ककर और फूल-मालाएं पहनाकर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है, लेकिन बाद में फिर प्रतिमाएं उपेक्षा का शिकार हो जाती हैं। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, प्रतिमाओं की साफ-सफाई की जिम्मेदारी लायंस सर्विसेस को दे दी गई है लेकिन कंपनी समय पर यह काम नहीं करती। सफाईकर्मी भी सड़कों पर झाड़ू लगाने तक ही सीमित रह जाते हैं, जबकि ठेका शर्तों के अनुसार उन्हें मूर्तियों, डिवाइडर और फुटपाथ की सफाई भी करनी है। इधर अधिकारी भी मानते हैं कि नियमित सफाई नहीं होने से प्रतिमाओं पर धूल की परत जम जाती है।

### सफाई रोस्टर तैयार किया गया

इसे लेकर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जनहित याचिका के रूप में मामले को लेकर बुधवार को अपनी डिवीजन बेंच में सुनवाई की। नगर निगम के वकील अनादि शर्मा ने बताया कि, समय समय पर सभी इलाकों में सफाई की जा रही है। इसके अलावा नगर निगम आयुक्त ने एक नया आदेश भी सभी जोन कमिश्नरों को जारी कर दिया है। इसमें एक सफाई रोस्टर तैयार किया गया है। आयुक्त ने नगर निगम सीमा में आने वाले सभी जोनों में नियमित साफ़-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस ने निगम आयुक्त को इस बारे में एक विस्तृत शपथपत्र पेश करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

# लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगा 25 हजार रुपये तक मासिक सम्मान

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र सेनानियों को मासिक सम्मान निधि मिलेगी। यह राशि आपातकाल के दौरान जेल में रहने की अवधि के आधार पर तय होगी। कम से कम 8 हजार रुपए से लेकर अधिकतम 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। राज्य सरकार ने यह व्यवस्था लागू करने के लिए 'छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम, 2026' का प्रारूप तैयार कर लिया है ।

इस प्रस्तावित नियम के मुताबिक जेल की अवधि के आधार पर राशि तय होगी। नियमों के अनुसार, सम्मान राशि को निरुद्ध रहने की अवधि के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। 1 माह से कम अवधिः 8 हजार रुपए प्रति माह । 1 माह से 5 माह तकः 15 हजार प्रति माह । 5 माह या उससे अधिक पर 25 हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु के बाद उनके पति या पत्नी को इस राशि की आधी रकम आजीवन प्राप्त होगी । सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समान ही चिकित्सा सुविधाएं देने का निर्णय लिया है। साथ ही, किसी सेनानी की मृत्यु होने पर उनकी अंत्येष्टि में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मनोनीत द्वितीय श्रेणी के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और परिवार को अंत्येष्टि के लिए 25 हजार रुपयों की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह सम्मान राशि केवल उन व्यक्तियों को मिलेगी जो मीसा या डीआईआर कानून के तहत राजनैतिक या सामाजिक कारणों से निरुद्ध रहे थे। यदि किसी व्यक्ति का उस समय कोई आपराधिक या असामाजिक रिकॉर्ड था, तो वह इस सम्मान के पात्र नहीं होंगे। पात्र व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि पात्रता कार्ड' जारी किया जाएगा। पात्र व्यक्तियों को अधिसूचना प्रकाशन के 90 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट को प्ररूप-एक में आवेदन करना होगा ।आवेदन के साथ जेल अधीक्षक या जिला पुलिस अधीक्षक का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है ।

# छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में होगी 1816 पदों पर भर्ती, 2 लाख से ज्यादा होंगे दावेदार, हाईटेक तरीके से होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में सशस्त्र बलों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए 1816 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस परीक्षा में 2 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। खास बात ये है कि यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो, इसके लिए हाईटेक तरीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय को इस काम के लिए सिंगल साल्यूशन प्रोवाइडर की जरूरत है। मुख्यालय ने इस काम के लिए टेंडर जारी किया है।

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए कांस्टेबल जीडी, ट्रेड्समैन, आर्म्स, एमटी, बैंड, डॉग स्क्वाड, घुड़सवार, अस्तबल सहायक), हेड कांस्टेबल (नर्सिंग), सहायक प्लाटून कमांडर (नर्सिंग), पुरुष नर्स, महिला नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग सहायक, कंपाउंडर, ड्रेसर और अन्य कर्मचारियों के पदों पर भर्ती करने का प्रस्ताव किया है।

बड़ी संख्या में पदों पर भर्ती को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय तगड़ी व्यवस्था कर रहा है। दरअसल भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से हाईटेक होगी। इस काम के लिए जो सर्विस प्रोवाइडर होगा उसके हिस्से में कई काम होंगे। इसमें यह शामिल है-प्रत्येक उम्मीदवार के संबंध में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना और डेटा एंट्री करना। शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) के दौरान ऊंचाई और सीने के डिजिटल माप की सुविधा प्रदान करना, तथा उम्मीदवार से सहमति प्राप्त करने हेतु उसी के लिए रिपोर्ट कार्ड प्रिंट करना। शारीरिक दक्षता परीक्षण ) के दौरान दौड़ने के समय को मापने हेतु

## सिपाही, बैंड, डॉग स्क्वाड घुड़सवार भी होंगे भर्ती

आरएफआईडी प्रणाली प्रदान करना; प्रदर्शन को मापने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रणाली और उसकी सिंक्रनाइज़्ड वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था करना; आरएफआईडी सिंक्रनाइज़ेशन करना, तथा उम्मीदवार से सहमति प्राप्त करने हेतु उसी के लिए रिपोर्ट कार्ड प्रिंट करना। शॉट-पुट, लंबी कूद और ऊंची कूद में दूरी और ऊंचाई मापने के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी सिस्टम उपलब्ध कराना, साथ ही इसकी सिंक्रनाइज़्ड वीडियो रिकॉर्डिंग करना, और उम्मीदवार के प्रदर्शन का विवरण देने वाले रिपोर्ट कार्ड प्रिंट करना आदि शामिल है।

ओएमआर लिखित परीक्षा शीट का डिज़ाइन, प्रिंटिंग, स्कैनिंग और मूल्यांकन करना, तथा परीक्षा के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के लिए मास्टर शीट में प्रत्येक उम्मीदवार के अंकों या परिणामों का स्वचालित रूप से अपडेट किया जाएगा। भर्ती कार्यक्रम के लिए एक व्यापक एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर, जिसमें डेटा एंट्री, परिणामों का संकलन और ये कार्य शामिल हैं। शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण का डेटा एंट्री। पीएसटी-पीईटी और लिखित परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों की लाइव तस्वीरें ली जाएंगी। इसके लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक प्रतिष्ठित क्लाउड-आधारित फोटो कैप्चर सेवा का उपयोग किया जाएगा।. उंगलियों के निशान,आइरिस स्कैन लेना पीएसटी-पीईटी और लिखित परीक्षा के दौरान ली गई लाइव तस्वीरों की तुलना उन तस्वीरों से करना, जिन्हें उम्मीदवारों ने ऑनलाइन आवेदन के समय अपलोड किया था, इसके लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक प्रतिष्ठित क्लाउड-आधारित फोटो तुलना सेवा का उपयोग किया जाएगा। इस परीक्षा के दौरान प्रणालियों और तकनीकों का उपयोग करने के संबंध में प्रस्ताव है कि शारीरिक मानक परीक्षण आयोजित करने के लिए डिजिटल ऊंचाई और सीने की माप प्रणालियों का उपयोग करके एक पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षण के दौरान समय मापने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन चिप-आधारित टाइमिंग तकनीक, और दूरी व ऊंचाई मापने के लिए डिजिटल तकनीक प्रणालियां, इसमें 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, 3 किमी दौड़, 5 किमी दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक , पीठ पर 25 किलोग्राम वजन के साथ 100 मीटर दौड़, और 15 किमी दौड़,पैदल चाल आदि शामिल हैं, साथ ही बायो-मीट्रिक उपकरणों और लाइव फोटो कैप्चर करने वाले उपकरणों का भी उपयोग किया जाएगा।

उम्मीदवारों के अंक या परिणाम वास्तविक समय (रियल टाइम) के आधार पर मास्टर शीट में स्वचालित रूप से अपलोड किए जाएंगे। लिखित परीक्षाओं में डुप्लीकेशन और किसी और की जगह परीक्षा देने इंप्रेशन की समस्या को खत्म करने के लिए ऑप्टिकल मास्क रिकग्निशन (ओएमआर) और ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओसीआर) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल भी किया जाना प्रस्तावित है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### 30 से 40 फीसदी तक वृद्धि

*डामर सहित सड़क निर्माण कामों में उपयोग में आने वाले सामानों के रेट में तीस से चालीस फीसदी तक वृद्धि होने से राज्य में सड़क निर्माण काम बंद होने के कगार पर आ गए हैं। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग में ठेकेदारों ने काम बंद कर दिया है। ठेकेदारों का कहना है कि पुरानी दरों पर काम करना अब उनके लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है।*

### ठेकेदारों की सरकार से मांग



छत्तीसगढ़ ठेकेदार संघ ने सरकार से मांग की है कि वर्तमान बाजार दर के हिसाब से प्रोजेक्ट की लागत का पुनर्मूल्यांकन किया जाए। यदि कीमतों में जल्द राहत नहीं मिली या सरकार ने दरों में संशोधन नहीं किया, तो प्रदेशभर में सड़कों का डामरीकरण पूरी तरह ठप हो सकता है। जिससे मानसून से पहले अधूरे पड़े काम आम जनता के लिए बड़ी मुसीबत बन सकते हैं।

# युद्ध ने रोकी सड़क निर्माण की रफ्तार, डामर, इमल्शन के दामों में ऐसा इजाफा कि ठेकेदारों ने खड़े कर दिए हाथ

सचिन अग्रहरि ▶▶ राजनांदगांव

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल ने छत्तीसगढ़ के सड़क निर्माण कामों पर ब्रेक लगाने के आसार खड़े कर दिए हैं। पिछले एक माह के भीतर डामर, इमल्शन और लाईट डीजल आयल की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी के चलते बुनियादी ढांचे के विकास पर महंगाई का बड़ा साया मंडराने ▶▶ शेष पेज 6 पर



**डामर की कीमत पहुंची 55000-65000 रुपए**

### सरकार दे राहत

युद्ध के कारण देशभर में निर्मित अप्रत्याशित परिस्थितियों से निपटने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक राहत मांगी गई है। सामानों के दामों में वास्तविक वृद्धि के आधार पर प्रोजेक्ट का पुनर्मूल्यांकन कर ठेकेदारों को राहत दी जाए। इस संबंध में एसोसिएशन शासन को एक पत्र भी सौंपा है।

-रूपेश कुमार सिंघल
प्रदेश अध्यक्ष, बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया




Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अंबानी के खिलाफ हुई एक और एफआईआर

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बुधवार को उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को कथित तौर पर 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में एक नया मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने एलआईसी की शिकायत पर साजिश, धोखाधड़ी और गबन के कथित अपराधों और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।



### भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट नहीं करेगी हस्तक्षेप

**नई दिल्ली।** धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला मंदिर-सह-कमल मौला मस्जिद परिसर को लेकर चल रहे विवाद में एमपी हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की, जिसमें हाईकोर्ट के दो न्यायाधीशों को धार स्थित भोजशाला मंदिर-सह-कमल मौला मस्जिद परिसर का व्यक्तिगत निरीक्षण करने की अनुमति दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है, जिसमें दो न्यायाधीशों को व्यक्तिगत रूप से परिसर का निरीक्षण करने की अनुमति दी गई थी।

### निशिकांत ने माफी मांगी कहा- पटनायक बड़े नेता

**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक पर दिए बयान को लेकर माफी मांग ली है।



उन्होंने कहा कि बीजू बाबू हमारे लिए हमेशा ऊंचे कद के स्टेट्समैन रहे है और रहेंगे। मेरे बयान से यदि भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं बेशर्त क्षमा चाहता हूं।' उन्होंने कहा की उनके बयान उनकी निजी राय थी और उसे गलत तरीके से समझा गया। मेरी नेहरू जी पर कही गई बात को बीजू पटनायक से जोड़ दिया गया, जो सही नहीं है।

### एक दिन पहले ईरान ने टॉप अमेरिकी कंपनियों पर अटैक की दी थी धमकी

# ईरान ने बहरीन में अमेजन हेडक्वार्टर को बनाया निशाना, सबसे बड़ी कंपनी 'बैटेलको' को उड़ाया

मिडिल ईस्ट जंग में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। अमेरिका ने सीजफायर का मूड बनाया है लेकिन इजरायल और ईरान लगातार एक दूसरे पर कार्रवाई कर रहे हैं। साथ ही ईरान खाड़ी देशों में भी दुश्मन के ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। अब ईरान ने अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बुधवार को उसने बहरीन में अमेजन कंपनी और कुवैत एयरपोर्ट को निशाना बनाया, वहीं इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले जारी रखे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ईरान जंग में एक तरफ संघर्ष रोकने के लिए बातचीत चल रही है, वहीं दूसरी तरफ दोनों तरफ से घातक हमले जारी हैं। इस कड़ी में ईरान ने फारस की खाड़ी में स्थित छोटे से द्वीपीय देश बहरीन में एमेजॉन के हेडक्वार्टर पर मिसाइल दागी हैं। इससे एमेजॉन के तहत आने वाली बैटेलको कंपनी के बिल्डिंग को भारी नुकसान पहुंचा है। यह बिल्डिंग बहरीन ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ सीजफायर के संकेतों के बीच बढ़ता जा रहा मिडिल ईस्ट जंग का दायरा



### ईरान में सरकार-सेना के बीच टकराव बढ़ा

*तेहरान। ईरान में सरकार और धार्मिक सेना (आईआरजीसी) के बीच टकराव बढ़ने की खबर है। तेहरान टाइम्स रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ताकतवर सेना जैसी संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के बीच सत्ता को लेकर खींचतान चल रही है। अखबार के मुताबिक आईआरजीसी ने देश का कंट्रोल अब अपने हाथ में ले लिया है।*

### इधर, ब्रिटेन ने भी छोड़ा ट्रंप का साथ!

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिका को झटका देते हुए कहा कि ब्रिटेन, ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान में शामिल नहीं होगा। इससे पहले इटली, स्पेन जैसे देशों ने भी ट्रंप की बात मानने से इंकार कर दिया था। ब्रिटेन होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए 35 देशों की बैठक करने जा रहा है।

### ट्रंप आज करेंगे राष्ट्र को संबोधित, युद्ध खत्म करने का होगा ऐलान!



*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारतीय समयानुसार 2 अप्रैल की सुबह अमेरिकावासियों को संबोधित करेंगे, जिसमें ईरान के साथ जारी युद्ध को खत्म करने से जुड़े ऐलान की उम्मीद की जा रही है। ट्रंप ने हाल में संकेत दिए थे कि अमेरिका ने अपने सैन्य टार्गेट्स हासिल कर लिए हैं और होर्मुज स्ट्रेट खुला रहे या बंद, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। इससे अलग तरह के नतीजे निकाले जा रहे है।*

# जग्गी हत्याकांड, जवाब देने के लिए अमित को मिला 24 घंटे का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के चर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड मामले में अब गुरुवार को अंतिम सुनवाई होगी। बुधवार को हुई सुनवाई में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की स्पेशल डिवीजन बेंच के सामने अमित जोगी के वकील ने कुछ दिनों के लिए फाइल और जवाब देने के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने सीबीआई को तुरंत फाइल देने का निर्देश दिया। साथ ही वकील से 24 घंटे के भीतर जवाब देने को कहा है। गुरुवार की सुबह से मामले को सुनवाई के लिए फिर लगाया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इस मामले को हाईकोर्ट में फिर से खोला गया है। इससे पहले हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने अंतिम सुनवाई के लिए 1 अप्रैल की तारीख तय की थी। ▶▶ शेष पेज 6 पर



### दोषियों की अपील कर दी गई थी खारिज

दरअसल डिवीजन बेंच ने 2 साल पहले रामावतार जग्गी हत्याकांड के दोषियों की अपील को खारिज कर दिया था, जिसमें डिवीजन बेंच ने आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा था। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार करते हुए मामला फिर से छत्तीसगढ़ ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मुलमुला में वारदात, कमरे में मिली खून से सनी लाश

# घर में सो रहे बुजुर्ग दंपती की गला रेतकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में डबल मर्डर की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घर में सो रहे बुजुर्ग दम्पती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घर के अंदर एक ही कमरे में दोनों की रक्तरंजित लाश मिली। महिला के गले से सोने का हार गायब है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम ▶▶ शेष पेज 6 पर

### घटना स्थल पर मिला होली का मुखौटा

घटना स्थल से पुलिस को होली का मुखौटा और नकली बाल मिला है। पुलिस का मानना है कि अपराधी ने अपनी पहचान छिपाकर हत्या को अंजाम दिया। घर के फर्श पर खून से सने पैर के निशान भी मिले हैं। आरोपी घर के पास लगे पेड़ के सहारे चढ़कर छत से अंदर आया। पुलिस हर एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है।

### हर पहलू से जांच

बुजुर्ग दंपती की हत्या के मामले में पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। डॉग स्क्वॉड के साथ ही फॉरेंसिक और साइबर टीम की मदद से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

-विजय पाण्डेय, एस पी जांजगीर-चाम्पा

### बताया सबसे बड़ा मुकदमेबाज

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र पर ठोका 25 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के डबल बेंच के एक फैसले को चुनौती देने के लिए केंद्र सरकार पर 25,000 का जुर्माना लगा दिया। मामला एक सीआईएसएफ कॉन्स्टेबल की बर्खास्तगी से जुड़ा है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने उसकी बर्खास्तगी खत्म करते हुए, उसका 25% वेतन भी वापस करने का फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र के स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### यह है मामला

सीआईएसएफ के एक कर्मचारी को 11 दिन की गैरहाजिरी के आधार पर नौकरी से हटाया गया था। इस पर अदालत ने कहा कि इतनी छोटी अवधि की अनुपस्थिति के लिए बर्खास्तगी का फैसला उचित नहीं है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस तरह नौकरी से हटाना कड़ा कदम है। यह सजा मामले के हिसाब से उचित नहीं है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के फैसले में दखल से इनकार किया और कहा कि हाईकोर्ट ने कर्मचारी को राहत दी थी और उसमें दखल की कोई जरूरत नहीं है।

### ओरेकल में छंटनी, भारत के 12000 इंजीनियर्स बेरोजगार!

# सुबह 6 बजे ईमेल भेजकर 30 हजार को निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की दिग्गज अमेरिकी टेक कंपनी ने एक झटके में 20 से 30 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, जिसमें भारत के 12,000 सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स भी शामिल है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी छंटनी के लिए कंपनी ने कोई नोटिस या चर्चा नहीं की, बल्कि सुबह 6 बजे एक ईमेल भेजकर तत्काल प्रभाव से सेवाएं समाप्त कर दीं। यह घटना 31 मार्च की सुबह की है। ओरेकल के कर्मचारियों को 'ओरेकल लीडरशिप' की ओर से मिले एक संक्षिप्त ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कई टीमों के 50% सदस्यों की छंटनी

बेंगलुरू, हैदराबाद, पुणे जैसे शहरों में, जहां बड़ी संख्या में टेक प्रोफेशनल काम करते हैं, इसका असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। इंडियान्यूजेन नाम के यूजर ने एक्स पर लिखा, 20 में से 6 सदस्यों को नौकरी छोड़ने के लिए कहा गया है। कई टीमों में, लगभग 50% सदस्य जा चुके है।




### भारत पर सबसे बड़ी मार

इस ग्लोबल छंटनी का सबसे बड़ा केंद्र भारत बना है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत से 12,000 लोग अपनी नौकरी गंवा चुके हैं। प्रभावित होने वाले अधिकांश लोग कंपनी के 'क्लाउड सिस्टम' विभाग से जुड़े थे। हालांकि अमेरिका सहित कई अन्य देशों के सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स भी इस कटौती की चपेट में आए है।

### रिकॉर्ड मुनाफे के बावजूद 'पिंक स्लिप'

ओरेकल का यह फैसला इसलिए भी हैरान करने वाला है क्योंकि कंपनी ने पिछली तिमाही में 17.2 बिलियन डॉलर का रेवेन्यू दर्ज किया है, जो पिछले 15 वर्षों में उसका सबसे शानदार प्रदर्शन है। इसके बावजूद कंपनी ने अपने वर्कफोर्स के हर 5 में से 1 व्यक्ति को बाहर का रास्ता दिखा दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्तर की छंटनी के माध्यम से ओरेकल लगभग 8 से 10 बिलियन डॉलर (करीब 90 हजार करोड़ रुपये) का कैश फ्लो बचाना चाहती है, ताकि अपनी बैलेंस शीट को और मजबूत कर सके।



## चिंतन

# जनगणना में लें बढ़-चढ़कर हिस्सा

देश में 1 अप्रैल 2026 से बहुप्रतीक्षित जनगणना प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। यह केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के माध्यम से जुटाए गए आंकड़े ही आने वाले वर्षों में सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास के खाके को निर्धारित करते हैं। ऐसे में यह केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का भी कर्तव्य है कि वह इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। इस बार की जनगणना कई मायनों में विशेष है। पहली बार इसे पूरी तरह डिजिटल माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। अब तक जहां आंकड़े कागज पर दर्ज होते थे और बाद में उन्हें डिजिटाइज किया जाता था। वहीं इस बार कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए सीधे डेटा एकत्र करेंगे। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि त्रुटियों की संभावना भी कम होगी। इसके साथ ही नागरिकों को 'स्वयं-गणना' की सुविधा भी दी गई है, जिससे वे खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जनगणना की यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक चलेगा, जिसमें 'हाउस लिस्टिंग' यानी मकानों की गिनती और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का प्रारंभिक आकलन संभव होगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा, जिसमें वास्तविक जनसंख्या गणना की जाएगी। इस जनगणना की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि लगभग 90 वर्षों बाद जाति-आधारित आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे। इससे पहले 1931 में इस प्रकार का डेटा जुटाया गया था। आज के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे सामाजिक न्याय, आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ठोस आधार तैयार होगा। हालांकि, इस विषय पर विभिन्न मत हो सकते हैं, फिर भी यह स्पष्ट है कि सटीक आंकड़े ही सटीक नीतियों का आधार बनते हैं। करीब 34 लाख कर्मचारियों की विशाल टीम इस कार्य में जुटी है, जो घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेगी। ऐसे में आम नागरिकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। जब जनगणना कर्मचारी आपके घर आएं, तो उनके साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करें और सही व पूरी जानकारी दें। गलत या अधूरी जानकारी न केवल आंकड़ों को प्रभावित करती है, बल्कि भविष्य की योजनाओं को भी कमजोर कर सकती है। इस बार जनगणना में कुछ नए पहलू भी शामिल हैं, जैसे लिव-इन संबंधों को मान्यता देना (यदि संबंध स्थिर हैं) और आधुनिक जीवनशैली से जुड़े पहलुओं को भी दर्ज करना। यह बदलते समाज की झलक को दर्शाता है और यह बताता है कि सरकार वर्तमान वास्तविकताओं को समझकर नीति निर्माण करना चाहती है। कुल मिलाकर जनगणना केवल सरकार की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की भागीदारी से सफल होने वाला राष्ट्रीय अभियान है। यह वह अवसर है, जब हर व्यक्ति अपने अस्तित्व को आधिकारिक रूप से दर्ज कराता है और देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करता है। देश के विकास की मजबूत नींव सटीक आंकड़ों पर ही टिकी होती है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी इस प्रक्रिया को गंभीरता से लें, जागरूक बनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जनगणना में आपकी भागीदारी न केवल आपकी पहचान को दर्ज करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की राह भी प्रशस्त करती है।



सफलता
प्रमोद भार्गव

# संकल्प के साथ नक्सलवाद का अंत

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। उन्होंने यह करके दिखा भी दिया। वरना नक्सलवाद को संरक्षण दे रहे नगरीय तथाकथित बौद्धिक इस सशस्त्र खूनी क्रांति को राष्ट्र विरोधी संघर्ष मानते ही नहीं थे। बस्तर में 25 लाख के इनामी नक्सली सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह से हथियारों सहित समर्पण किया, उससे देश के सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा का निर्णायक अंत हो गया। इस क्षेत्र का यही अंतिम सरगना शेष बचा था। नक्सलवाद का अंत ठीक उसी तरह हुआ है, जिस तरह प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में पंजाब के उग्रवाद का अंत हुआ था।

इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति को जाता है। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। क्योंकि देश की जिस तरह की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां हैं और सशक्त प्रशासनिक ढांचा है, उसके चलते किसी भी प्रकार की सशस्त्र क्रांति का उग्रवाद और नक्सलवाद की तरह अंत होना निश्चित है। कश्मीर का पाक प्रायोजित आतंकवाद का भी यही हश्र होना है। छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है, इसलिए अमित शाह ने लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि 'एक समय 12 राज्य लाल आतंक का गलियारा बन गए थे। कानून व्यवस्था नहीं थी। देश में अब नक्सलवाद खत्म हो गया है।' शाह ने बताया कि इस दौरान 706 नक्सली मारे गए, 4800 ने समर्पण किया है और 2000 गिरफ्तार हुए हैं। इस समस्या के परिप्रेक्ष्य में शाह ने कहा, '75 साल में 60 साल कांग्रेस ने राज किया। लेकिन उसने आदिवासियों को न घर दिए, न पानी, न स्कूल बनाए और न ही बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाई।' 'शाह का यह बयान तर्कसंगत है, क्योंकि शहरी वामपंथियों से भयभीत कांग्रेस नेतृत्व नक्सलवाद को कश्मीर के आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद की तरह बड़ी चुनौती तो मानती थी, लेकिन उससे निपटने की कभी कोई कठोर रणनीति नहीं बनाई। यही कारण रहा कि छत्तीसगढ़ के जगदलपुर इलाके में नक्सली आतंक बेखौफ फलता-फूलता रहा।



इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र को कमजोर करने की दृष्टि से सरकार ने बहुआयामी कदम उठाए। सबसे पहले उन नगरीय बौद्धिकों पर शिकंजा कसा, जो इन्हें राष्ट्रविरोधी वामपंथी वैचारिक खुराक देते थे। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों को आधुनिक हथियार एवं यांत्रिक सुविधाएं देकर इन्हें सशक्त बनाया।

इसका परिणाम निकला कि एक के बाद एक खून की इबारत लिखने वाले नक्सली मारे जाने लगे। जो नक्सली समर्पण के लिए तैयार हुए उन्हें समर्पण का अवसर और समझौते में बताई गई शर्तों का पालन करने का भरोसा दिया। नतीजतन इसके पहले तक गुप्तचर एजेंसियां नक्सलियों का सुराग लगाने में असफल रहती थीं, उन्हें नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद भरोसे की सूचनाएं मिलने लगीं। इस रणनीति के बाद से सैन्यबलों को सटीक सूचनाएं मिलीं और वे नक्सलियों को निशाना बनाने में लगातार कामयाब होने लगे। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं, इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर एजेंसियों को खबर देने लगे। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित थे। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही हैं। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की रक्तरंजित मुहिम जारी रखनी है। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं, लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में असफल रहीं।

दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोले हुए था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते थे। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता था, उसकी बोलती बंद कर दी जाती थी। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि नक्सलियों के जो भी नगरीय बौद्धिक समर्थक हैं, उनके तार देश-विदेश में नक्सल समर्थक वामपंथियों से जुड़े हैं, जो इन्हें धन और हथियार उपलब्ध कराते रहे हैं। सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

हनुमान जयंती विशेष
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज




# अतुलनीय बल के स्वामी और श्री राम के अनन्य उपासक

अंजनी पुत्र हनुमान को कलयुग का सबसे प्रभावशाली देवता माना जाता है। मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की सेवा के लिए महादेव ने एकादशी रूद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। सनातन संस्कृति के उपासकों के लिए हनुमान जयंती का विशेष रूप से महत्व है। भगवान हनुमान के दिव्य गुण इस उत्सव का मुख्य आकर्षण हैं। हनुमान निःस्वार्थ भक्ति, निष्ठा और समर्पण के प्रतीक हैं। हनुमान जी का दैवी गुणों से परिपूर्ण आध्यात्मिक उदात्त चरित्र हमें जीवन के संघर्षों और चुनौतियों पर विजय पाने और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने के लिए भक्ति, विनम्रता और समर्पण का पाठ पढ़ाता है। पवनसुत, मंगल मूर्ति, संकट मोचन आदि कहे जाने वाले श्री हनुमान के नाम के स्मरण मात्र से ही भक्तों के समस्त दुखों का नाश हो जाता है। हनुमान के दिव्य गुणों का वर्णन करते हुए हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 'मनोजवं मारुततुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये। अर्थात भगवान हनुमान मन से भी अधिक भगवान, वायु के समान तीव्र वेग वाले, इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने वाले, बुद्धिमानों में वरिष्ठ, वायु पुत्र, वानर समूह के मुख्य नेता, भगवान श्री राम के अन्य दूत हनुमान का सान्निध्य प्राप्त हो। तुलसीदास ने हनुमान को गुणों का भंडार माना है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हनुमान अन्य सेवक एवं उपासक थे। वे मानसा, वाचा, कर्मणा प्रभु श्री राम को समर्पित थे। बाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण का वध करने और लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या लौटे, तब उन्होंने युद्ध में साथ देने वाले सभी वीरों को उपहार दिया, जब हनुमान जी की बारी आई तो उन्होंने याचना करते हुए प्रभु राम से कहा कि -हे राम, इस लोक पर जब तक राम कथा प्रचलित रहे, तब तक मेरे प्राण शरीर में बसे रहे। हनुमान की याचना पर श्री राम ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि - 'हे कपि श्रेष्ठ इस संसार में जब तक राम कथा प्रचलित रहेगी, तब तक तुम्हारी कीर्ति अमिट रहेगी'। सात्विक अंतकरण एवं एकाग्रता के साथ की गई हनुमान की उपासना से हमारे जीवन में व्याप्त समस्त नकारात्मक आसुरी शक्तियों का विनाश हो जाता है। शरीर तथा मन में व्याप्त रोगों का हनुमान के स्मरण से विनाश हो जाता है। हनुमान आध्यात्मिक विभूतियों से परिपूर्ण महान पराक्रमी योद्धा हैं। हनुमान की भक्ति मनुष्य को पराक्रम शारीरिक तथा मानसिक बल प्रदान करने वाली मानी गई है। वे मनुष्य और देवता के बीच वह सेतु हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि यदि चेतना जागृत हो जाती है तो शारीरिक सीमाएं अर्थहीन हो जाती हैं। वह ब्रह्म की साक्षात क्रियात्मक शक्ति हैं। हनुमान जी ब्रह्मांड के वह पार्टिकल हैं जिनमें साक्षात परमात्मा की स्पीड और पावर विद्यमान है। उनकी अष्ट सिद्धियां वास्तव में पदार्थ और ऊर्जा पर नियंत्रण की प्रतीक हैं। अणिमा सिद्धि परमाणु स्तर पर संकुचित होने की क्षमता है, जबकि महिमा ब्रह्मांडीय विस्तार का विज्ञान है। वह क्वांटम फिजिक्स के मास डिसेंटी और स्पेस टाइम के सिद्धांतों को चुनौती देने वाली सर्वोच्च तकनीक हैं। वज्र के समान उनका शरीर उनकी कोशिकाओं का घनत्व सामान्य जैविक ढांचे से भिन्न था, जो उन्हें वायु की गति से उड़ाने और गुरुत्वाकर्षण को भी बेअसर करने की शक्ति प्रदान करता था। हनुमान का प्रक्रम किसी सेवा का मोहताज नहीं था, वह स्वयं वन मैन आर्मी थे। समुद्र लांघना हनुमान जी की शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि उनके संकल्प की विजय थी। वे उत्कृष्ट वाणी के स्वामी और ऋग्वेद के प्रकांड विद्वान थे। जब ऋष्यमूक पर्वत पर हनुमान प्रथम बार प्रभु श्री राम से मिले तो उन्होंने एक ब्राह्मण का वेश धारण करके शास्त्र सम्मत संवाद किया। उनकी व्याकरण और शुद्ध उच्चारण से परिपूर्ण वाणी को सुनकर भगवान श्री राम भी चकित रह गए। किष्किंधा कांड में हनुमान के व्यक्तित्व की उत्कृष्टता लक्ष्मण को बताते हुए प्रभु राम कहते हैं कि - 'जिसने ऋग्वेद की शिक्षा न ली हो, यजुर्वेद का अभ्यास न किया हो। सामवेद का जिसे ज्ञान न हो, वह इतनी परिष्कृत भाषा में संवाद नहीं कर सकता।' निश्चय ही हनुमान ने संपूर्ण व्याकरण का अनेक बार स्वाध्याय किया है। इससे सिद्ध होता है कि हनुमान जी वाचस्पति थे। हनुमान की भक्ति अभय प्रदान करती है। मानसिक पटल पर विद्यमान भय, चिंता, रोग, कष्ट को दूर करके मंगल प्रदान करने वाली कही गई है।



(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

## मूर्ख साधू और ठग



संकलित
प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गांव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षा- किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### डिजिटल जनगणना का महत्त्व

भारत में होने जा रही आगामी जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा।

*- मदन जोशी, जगदलपुर*

## करंट अफेयर


# ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा है : नेतन्याहू



ईरान के खिलाफ युद्ध में 'बड़ी उपलब्धियों' की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को 'व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है' और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व 'पेसाच' (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि 'देर-सवेर' ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ 'क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन' बना रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संक्षेप में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 'जल्द ही मैं आपको इन महत्वपूर्ण गठबंधनों के बारे में और बता पाऊंगा।' नेतन्याहू ने कहा, 'स्वतंत्रता पर्व की पूर्व संध्या पर इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान के दुष्ट शासन के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी दहाड़ सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं।' यह संबोधन ऐसे समय में आया जब देश लेबनान में जमीनी अभियान के दौरान चार सैनिकों की मौत पर शोक मना रहा है।

## ऑफ बीट

# जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा



जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है। जैतून के पत्तों में अन्य 'एंटीऑक्सीडेंट' भी होते हैं जैसे 'हाइड्रॉक्सीटायरोसोल', 'ल्यूटोलिन', 'एपिजेनिन' और 'वर्बास्कोसाइड'। 'एंटीऑक्सीडेंट' शरीर में 'ऑक्सीडेटिव' तनाव को कम करते हैं। 'ऑक्सीडेटिव' तनाव हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड), कोशिका झिल्ली और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

## ट्रेंड

### स्वच्छता रैंकिंग



लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन एवं क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी की सिद्धि हेतु आज लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**


### लिएंडर पेस का स्वागत



भाजपा परिवार में शामिल होने के उपरांत, टेनिस जगत के प्रतिष्ठित खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस ने आज शिष्टाचार भेंट की। खेल के क्षेत्र में आपका व्यापक अनुभव और राष्ट्र के प्रति आपकी निष्ठा निश्चित रूप से समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**


### बीजेपी को हार का डर



तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ 145 एफआईआर हो चुकी हैं। बीजेपी गुजरात में हार के डर से हमारी पार्टी से बुरी तरह से बौखलायी हुई है। आज हमारे राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### ज़रूरी वस्तुएं महंगी



मोदी सरकार ने देश की सामरिक और आर्थिक नीति तहस-नहस कर दी है। इसका सीधा ख़ामियाज़ा 140 करोड़ भारतीयों को उठाना पड़ रहा है। आज से रोजमर्रा की कई ज़रूरी चीज़ों के दाम बढ़ेंगे।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

पश्चिम बंगाल

चुनाव आयोग टीएमसी के नामांकन खारिज करवा रहा

# नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतें उम्मीदवार : ममता

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा नवनियुक्त अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है और उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करते समय सावधानी बरतने को कहा। बनर्जी ने बंगाल में बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने रैली में कहा, 'सब कुछ बदल दिया गया है, यहां नयी व्यवस्था है।

## महिलाओं से की भाजपा को वोट न देने की अपील

मुख्यमंत्री ने लोगों, खासकर महिलाओं से भाजपा को वोट नहीं देने की अपील की। उन्होंने कहा, 'वे (भाजपा) महिला विरोधी हैं इसलिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में तार्किक विसंगति का हवाला देकर उनके नाम हटाए जा रहे हैं।'



### 'वोटर लिस्ट में जोड़े जा रहे बाहरी लोगों के नाम'

बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि फॉर्म-6 के जरिए अन्य राज्यों के लोगों के नाम राज्य की मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई। अपने पत्र में ममता बनर्जी ने कहा कि यदि यह आरोप सही साबित होता है, तो यह अवैध, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक कृत्य होगा। उन्होंने चुनाव आयोग को जनता के मताधिकार की रक्षा की जिम्मेदारी भी याद दिलाई। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि राज्य के मुख्य सीईओ कार्यालय और विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में भाजपा के एजेंट फॉर्म-6 जमा कर रहे हैं।

### 'ममता और टीएमसी नेता मतदाताओं को धमका रहे : भाजपा का आरोप

नई दिल्ली। भाजपा ने सोमवार को चुनाव आयोग से संपर्क कर आरोप लगाया कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल नेता आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को वोट देने से रोकने के लिए मतदाताओं को धमका रहे हैं। भाजपा प्रतिनिधिमंडल द्वारा चुनाव आयोग को सौंपी गई याचिका में चुनाव आयोग से ममता बनर्जी को चुनाव प्रचार में भाग लेने से रोकने और तृणमूल नेताओं के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का आदेश देने का आग्रह किया गया। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू, पीयूष गोयल और सुकांत मजूमदार, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी और राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

### कांग्रेस दफ्तर पर बवाल: टिकट बंटवारे को लेकर भिड़े कार्यकर्ता

पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार चयन को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विरोध प्रदर्शन के दौरान दो गुटों में झड़प हो गई, जिसमें कम से कम 6 पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गया। बताया जा रहा है कि नाराज कार्यकर्ता बाहरी उम्मीदवारों के नामांकन को रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों गुटों के बीच मारपीट शुरू हो गई। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने राज्य कांग्रेस नेतृत्व पर विधानसभा चुनाव के टिकट बेचने का भी आरोप लगाया। मुख्यालय के बाहर इस आरोप वाले पोस्टर भी लगाए गए।

केरल | रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगाया आरोप

# एलडीएफ ने भगवान अयप्पा के साथ विश्वासघात किया



एजेंसी ▶▶| गोगामुख

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि भगवान का अपना घर कहे जाने वाले केरल में /"भगवान सुरक्षित नहीं हैं/" क्योंकि सत्तारूढ़ एलडीएफ ने सोने के कुछ टुकड़ों के लिए भगवान अय्यप्पा के साथ विश्वासघात किया। वह स्पष्ट रूप से सबरीमाला सोने की चोरी के मामलों का संदर्भ दे रहे थे। परवूर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि जिस तरह जूडस (इस्कैरियट) ने यीशु मसीह को धोखा दिया, उसी तरह वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने भगवान अय्यप्पा को धोखा दिया। उन्होंने एलडीएफ और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर केरल की जनता के साथ विश्वासघात करने, समाज को विभाजित करने, राज्य की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने और जनता से किए गए वादों को पूरा न करने का भी आरोप लगाया। रक्षा मंत्री ने चुनावी भाषण के दौरान यह भी आरोप लगाया कि एलडीएफ और यूडीएफ दोनों में 'फ्रंट' (मोर्चा) शब्द का अर्थ भ्रष्टाचार का मोर्चा है।

### पहली बार मतदान करने वालों को मिलेगा हलवा



नई दिल्ली। केरलम में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को चुनाव आयोग की अभिनव पहल के तहत हलवा दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) रतन यू. केलकर ने आगामी चुनावों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए वोट स्वीटेंड केरलम अभियान की घोषणा की है। इस संबंध में 29 मार्च को आदेश जारी किया गया था। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को विशेष ब्रांडेड हलवा वितरित किया जाएगा। 200 हलवा पैकेट जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के कार्यालयों में भेजे जाएंगे, जो इस पहल के लिए मतदान केंद्रों की पहचान करेंगे।

# असम में भाजपा की हैट्रिक व राहुल की हार की सेंचुरी लगेगी : पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶| गोगामुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के गोगामुख में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पिछले 10 सालों में भाजपा सरकार के अंतर्गत असम में हुए विकास कार्यों की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा, आप सबके आशीर्वाद से मुझे प्रधानमंत्री के रूप में हैट्रिक बनाने का अवसर मिला। असम के ये चुनाव विकसित असम से विकसित भारत बनाने का चुनाव है। इस बार भाजपा-एनडीए सरकार की हैट्रिक लगनी तय है और कांग्रेस की पराजय की हैट्रिक भी तय है। कांग्रेस के स्वघोषित राजकुमार की पराजय की सेंचुरी लगने वाली है।

### पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला



इस दौरान प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भी हमला किया। उन्होंने कहा,पहले सर्वानंद सोनोवाल का नेतृत्व और फिर हिमंता बिस्वा सरमा की अगुवाई में असम ने बीते 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का नया दौर देखा है। कांग्रेस के लिए हमेशा पावर पॉलिटिक्स और अपना परिवार ही फर्स्ट रहा है। दिल्ली में एक परिवार और एक परिवार यहां भी है।

### पीएम मोदी ने और क्या कहा?

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एक समय था, जब दुनिया में असम की चर्चा चाय के लिए होती थी। अब असम को दुनिया, चाय के साथ-साथ चिप से भी पहचानेगी। वो दिन दूर नहीं, जब असम के सेमीकंडक्टर प्लांट से चिप का उत्पादन शुरू हो जाएगा। ये असम को आधुनिक टेक्नोलॉजी के एक बहुत बड़े हब के रूप में विकसित करेगा।

### असम में सेवा और सुशासन का नया दौर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भाजपा के 10 साल के शासन ने असम में 'सेवा' और 'सुशासन' के एक नए दौर की शुरुआत की है। पिछले 10 सालों में असम में 22 लाख से ज्यादा गरीब परिवारों को पक्के घर दिए गए हैं। भाजपा समान नागरिक संहिता लागू करेगी और असम की पहचान की रक्षा के लिए आदिवासियों के हितों की सुरक्षा करेगी। सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना असम को बाढ़ से बचाएगी।

### नाजिरा में कांग्रेस पार्टी की रैली प्रियंका गांधी ने भरी हुंकार

नाजिरा। प्रियंका गांधी ने नाजिरा में हुई एक रैली में केंद्र सरकार के साथ-साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 'एक परिवार' सब कुछ लूट रहा है। नाजिरा में आयोजित इस चुनावी रैली में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखा हमला किया।



**चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी नहीं बढ़ी :** कांग्रेस सांसद ने कहा, जब वे नहीं लूटते, तो खदानें, जमीनें और अन्य संपत्तियां बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे पुराने घोटालों का जिक्र भी किया। प्रियंका ने भाजपा के 'डबल इंजन' सरकार पर कटाक्ष करते हुए 'डबल गुलामी' की सरकार करार दिया।

### सरकारी योजनाओं से नाम काटने की धमकी देने का आरोप

प्रियंका गांधी ने कहा कि विभिन्न आदिवासी समुदाय वर्षों से अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग कर रहे हैं। बकौल प्रियंका, 'भाजपा ने उन्हें एसटी दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन वे इसे देने में विफल रहे। असम की महिलाओं को सरकारी योजनाओं से नाम हटाने की धमकी दी जाती है।

तमिलनाडु चुनाव

# 'तमिलनाडु में 'अम्मा की अच्छी सरकार' वापस लाएगा एनडीए : गोयल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

केंद्रीय मंत्री और तमिलनाडु भाजपा चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन की आलोचना करते हुए उन्हें ''भ्रष्ट'' करार दिया और खराब कानून-व्यवस्था के लिए जिम्मेदार बताया। राजग की जीत पर विश्वास व्यक्त करते हुए गोयल ने दिवंगत जे. जयललिता की शासन शैली की वापसी का वादा किया। पीयूष गोयल ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, ''मजबूत गठबंधन राजग ने भ्रष्ट द्रमुक सरकार को हराने और समाप्त करने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।



### द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार

द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन उच्च स्तर की भ्रष्टाचार, खराब कानून-व्यवस्था और तमिलनाडु के किसानों, मछुआरों, युवाओं और महिलाओं के साथ विश्वासघात के लिए जिम्मेदार है। गोयल ने कहा कि मजबूत राजग ने भ्रष्ट द्रमुक सरकार को हराने और समाप्त करने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। तमिलनाडु के लोग इस भ्रष्ट सरकार से थक चुके हैं; वे 'अम्मा' (जयललिता) की अच्छी सरकार जैसे शासन की चाह रखते हैं। यह चुनाव तमिलनाडु के लोगों के भविष्य का निर्धारण करेगा।

एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद - 500028
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN) - L13100TG1958GOI001674

निर्माण विभाग
अनुबंध विभाग

निविदा पूछताछ संख्या: एचओ (अनुबंध)/ हॉल रोड/ विभाग 14 एवं 11सी/केडीएल/2026/316 दिनांक 02.04.2026
जीएसटी सहित अनुमानित लागत 213.52 करोड़ रुपये है।
एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक 'नवरत्न' सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है। भारत सरकार, छत्तीसगढ़ के किरंदुल कॉम्प्लेक्स स्थित बैलाडीला लौह अयस्क खदान में 14 और 11C डिपॉजिट के लिए संबंधित आपूर्ति सहित ढुलाई सड़क और सर्विस रोड के निर्माण हेतु अनुभवी घरेलू बोलीदाताओं से प्रतिशत निविदा आधार पर ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करती है। विस्तृत एनआईटी और बोली दस्तावेज 02-04-2026 से 04-05-2026 तक निम्नलिखित वेबसाइट लिंक से देखे और/या डाउनलोड किए जा सकते हैं:
1. एनएमडीसी वेबसाइट: http://www.nmdc.co.in
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल): http://www.eprocure.gov.in/epublish/app
3. एमएसटीसी पोर्टल: https://www.mstcecommerce.com/eprocn/
एमएसटीसी पोर्टल से बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए, बोलीदाता को एमएसटीसी वेबसाइट लिंक https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ पर जाना होगा और निविदा इवेंट संख्या NMDC/Head Office/Contract/1/26-27/ET/6 खोजना होगा। अधिक सहायता के लिए MSTC वेबसाइट पर दिए गए 'विक्रेता गाइड' को देखें।
बिड डेटा शीट (BDS) के खंड 5 के अंतर्गत क्रमांक 15 में दिए गए विवरण के अनुसार, प्री-बिड मीटिंग कंसल्टेंट के कोलकाता स्थित कार्यालय में 13/04/2026 और 24/04/2026 को आयोजित की जाएंगी। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे MSTC लिमिटेड की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन अपनी बोलियां जमा करें। ऑनलाइन बोली जमा करने का विवरण NIT में दिया गया है। बोलीदाताओं को भविष्य में किसी भी प्रकार के शुद्धिपत्र के लिए NMDC की वेबसाइट/CPP पोर्टल/MSTC वेबसाइट पर नियमित रूप से जाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए, निम्नलिखित से संपर्क किया जा सकता है:
1) कार्यकारी निदेशक (कार्य), एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद, दूरभाष संख्या: +91-040-23533536, ईमेल: contracts@nmdc.co.in
2) वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं अनुबंध प्रमुख, एम. एन. दस्तूर एंड कंपनी (प्रा.) लिमिटेड, कोलकाता
फोन: +91-033-2225 0500/5420, ईमेल: Souvik.G@dastur.com

कार्यकारी निदेशक (कार्य)
कृते/- एनएमडीसी लिमिटेड

# विदेशी चंदा संशोधन विधेयक पर लोकसभा में भारी हंगामा, विपक्षियों ने लगाए वापस लो के नारे

**नई दिल्ली।** विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को लेकर कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को लोकसभा की बैठक शुरू होने के पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। सरकार ने कांग्रेस और वामपंथी दलों पर केरल में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य की जनता के बीच विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य 'एफसीआरए वापस लो' के नारे लगाने लगे। विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) में संशोधन के लिए सरकार द्वारा लोकसभा में गत 25 मार्च को पेश विधेयक पर बुधवार को बहस होनी थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शोर-शराबा कर रहे सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा कि इस समय सदस्यों को किसी मुद्दे पर बोलने का अवसर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ''आप जिस एफसीआरए विधेयक की बात कर रहे हैं, जब वह आएगा, तब विरोध कर सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, ''केरल के सांसद शायद गलतफहमी में हंगामा कर रहे हैं। एफसीआरए संशोधन विधेयक पहले ही सदन में पेश हो चुका है इसलिए आज सूची में आया है। मैंने कांग्रेस के नेताओं को कल भी बताया, आज भी बताया कि आज एफसीआरए विधेयक जो सूचीबद्ध है उसे विचारार्थ नहीं लिया जा रहा।

### सड़क से लेकर संसद तक हंगामा



संशोधन विधेयक को लेकर सड़क से संसद तक हंगामा चल रहा है। विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में भी बैनर के साथ प्रदर्शन किया है। केरल में भी कांग्रेस और वामदल इसको मुद्दा बना रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर इस विधेयक को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने लिखा कि ये विधेयक भाजपाई राजनीति की अलोकतांत्रिक, अति नियंत्रणवादी एकाधिकारी सोच है जो एनजीओ पर अवांछित नियंत्रण करके, उन्हें अपनी कठपुतली बनाना चाहती है।

### अमरावती को मिली राजधानी की मान्यता

संसद के बजट सत्र के दौरान आज लोकसभा में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन संशोधन विधेयक पारित हो गया है। इसके तहत अमरावती को राज्य की एकमात्र राजधानी के रूप में औपचारिक मान्यता मिल गई है। यह कदम लंबे समय से चल रहे राजधानी विवाद को खत्म करने और ग्रीनफील्ड राजधानी परियोजना को कानूनी आधार प्रदान करने की दिशा में अहम है। हाल ही में आंध्र प्रदेश विधानसभा ने केंद्र से इस संबंध में अनुरोध किया था। दरअसल, जब 2014 में आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना बना, तो आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत हैदराबाद को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की संयुक्त राजधानी बनाया गया था। ये व्यवस्था अधिकतम 10 साल तक लागू की गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- न्याय नहीं, देरी व दबाव के लिए दाखिल हो रहे कई मुकदमे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने देश में बढ़ते मुकदमों को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि अदालतों में दाखिल हो रहे कई मामले न्याय पाने की वास्तविक इच्छा से कम और कार्यवाही में देरी करने, विरोधियों को परेशान करने तथा न्यायिक समय बर्बाद करने के उद्देश्य से अधिक प्रेरित दिखाई देते हैं। अदालत ने साफ किया कि न्यायिक व्यवस्था का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का उद्देश्य केवल वास्तविक और गंभीर विवादों का समाधान करना है, न कि बार-बार या बेतुके दावों को बढ़ावा देना।

### संपत्ति विवाद की सुनवाई पर की यह टिप्पणी

शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी एक सिविल अपील को खारिज करते हुए आई। मामला हैदराबाद के हिमायत नगर स्थित एक संपत्ति विवाद से जुड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा, हालांकि उसके कुछ तर्कों से असहमति भी जताई।

### देशभर में बढ़ती जा रही लंबित मामलों की संख्या

बता दें देश भर में लगभग 5.5 करोड़ केस लंबित हैं, जिनमें ज्यादातर निचली अदालतों में हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 10 वर्ष से ज्यादा समय से 698 से अधिक जनहित याचिकाएं लंबित हैं। वहीं कुल 3500 जनहित याचिकाएं आजतक सुनवाई का इंतजार कर रहीं हैं। जिन्हें पिछले 42 वर्षों में भी नहीं निपटाया जा सका।

### ऐसे मामलों में जुर्माना लगा सकती है अदालत

*जजों की पीठ ने कहा कि यदि कोई पक्ष जानबूझकर निरर्थक या परेशान करने वाले मुकदमे दायर करता है, तो अदालत ऐसे मामलों को खारिज करने के साथ-साथ जुर्माना भी लगा सकती है। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी एक विवाद को अलग-अलग तरीकों से बार-बार उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। एक बार जब कोई मामला सक्षम अदालत में पूरी तरह सुना और तय हो जाता है, तो उसी मुद्दे को दोबारा उठाना न्यायिक व्यवस्था के खिलाफ है। इससे न केवल अदालतों पर अनावश्यक बोझ बढ़ता है, बल्कि अन्य मामलों में न्याय मिलने में भी देरी होती है।*

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEE'S STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय, 107, रामनगर रोड, कोटा रायपुर (छत्तीसगढ़)-492010
REGIONAL OFFICE, 107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (CHHATTISGARH) -492010
Phone :0771-2254589,
Email : rd-cgarh@esic.gov.in
Website : www.esic.gov.in/www.esic.in

कैशलेस तृतीयक चिकित्सा सेवायें उपलब्ध कराने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति बाबत् ई-निविदा नोटिस-स्टैंड अलोन केन्द्रों के माध्यम से (डायग्नोस्टिक/इमेजिंग केंद्र/नेत्र/डायलिसिस/न्यूरोलॉजी/नेफ्रोलॉजी/ब्लड बैंक)
(छ.ग. के सभी जिला में कहीं भी)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन एक स्वायत्तशासित सामाजिक सुरक्षा संगठन है, जो क.रा.बी. अधिनियम 1948 के तहत अपने व्याप्त सभी कामगारों व उनके परिजनों को नकद, चिकित्सा एवं अन्य हितलाभ प्रदान करता है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के व्याप्त समस्त क्षेत्रों के हितग्राहियों को कैशलेस आधार पर तृतीयक चिकित्सा सुविधायें नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है।
निगम के हितग्राहियों को तृतीयक चिकित्सा सेवायें प्रदान करने के लिये निगम के नियम व शर्तों के तहत उक्त क्षेत्रों में कार्यरत केंद्र और राज्य सरकार/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled /CGHS empanelled/निजी/चेरिटेबल अस्पताल ई-निविदा के सभी नियमों और शर्तों और प्रक्रिया के साथ निविदा दस्तावेज को बोलीदाता वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app और https://www.esic.gov.in/tenders से ऑनलाइन देख या डाउनलोड कर सकते हैं। सभी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइटों पर यदि कोई अधिसूचना/अपडेट हो तो उसकी जांच कर लें।
निर्धारित समय उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

| अस्पताल का कार्यक्षेत्र | अनुबंध की अवधि | रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन जमा किये जाने की प्रारंभिक तिथि व समय | रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कहीं भी | 02 वर्ष के लिए | 01.04.2026 (09:00 AM) | 21.04.2026 (06:00 PM) |
| | 1.रायपुर, 2.रायगढ़, 3.सारंगढ़-बिलाईगढ़, 4.जांजगीर-चाम्पा, 5.सक्ती, 6.धमतरी, 7.बलौदा बाजार, 8.राजनांदगांव, 9.खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, 10.मोहला-मानपुर, 11.गरियाबंद, 12.कोरबा, 13.बिलासपुर, 14.गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 15.दुर्ग, 16.बालोद, 17.बलरामपुर, 18.बस्तर, 19.बेमेतरा, 20.बीजापुर, 21.दंतेवाडा, 22.जशपुर, 23.कबीरधाम, 24.कांकेर, 25.कोंडागांव, 26.कोरिया, 27.महासमुंद, 28.मुंगेली, 29.नारायणपुर, 30.सरगुजा, 31.सुकमा, 32.सूरजपुर, 33.मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | | |
| Pre-Bid Meeting Date and Place | दिनांक 13.04.2026 (11:00 AM से 12:00 PM बजे) ESIC क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) में। | | |

बोली लगाने वालों को जाँच-सूचि के अनुसार सभी संलग्नकों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ एनआईसी पर https://eprocure.gov.in/eprocure/app क.रा.बी.निगम के लिए केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (CPP) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मूल्यांकन हेतु केवल ऑनलाइन दस्तावेजों और अनुलग्नक पर विचार किया जाएगा। किसी भी मामले में भौतिक दस्तावेज पर विचार नहीं किया जाएगा।
नोट :- उक्त के लिए प्राप्त आवेदनों में केंद्र और राज्य सरकार/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled /CGHS empanelled/निजी/चेरिटेबल अस्पतालों को इसी क्रम में प्राथमिकता दी जावेगी।
हस्ता/-
क्षेत्रीय निदेशक

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEE'S STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Website : www.esic.nic.in/www.esic.in
क्षेत्रीय कार्यालय, 107, रामनगर रोड, कोटा रायपुर (छत्तीसगढ़)-492010
REGIONNAL OFFICE, 107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (CHHATTISGARH) 492010
Phone :0771-2254589, Email : rd-cgarh@esic.nic.in

एलोपैथिक डॉक्टर, केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए ESI योजना से जुड़ने का सुनहरा अवसर
कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र के निम्न जिलों में Modified Insurance Medical Practitioner (mIMP) योजना के अंतर्गत डॉक्टर (Allopathic), Chemist एवं Diagnostic सेंटर Empanel किए जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जिनके माध्यम से संबंधित जिलों में बीमित व्यक्तियों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जानी है। नियमानुसार, Empanelment हेतु ऑनलाइन आवेदन www.esic.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित हैं :-

| mIMP योजना के तहत आवश्यकता | जिला का नाम | आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज |
|---|---|---|
| mIMP | 1. Sukma 2. Bijapur 3. Dantewada 4. Balod 5. Balrampur 6. Narayanpur 7. Surajpur 8. Manedragarh-Chirmiri-Bharatpur 9. Kabirdham 10. Kondagaon 11. Bemetara 12. Surguja | • MBBS डिग्री • CG State रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट • डॉक्टर के आधार और PAN कार्ड • क्लिनिक का स्थायी पता (Permanent Address) |
| eChemist | 1. Sukma 2. Bijapur 3. Dantewada 4. Jashpur 5. Balrampur 6. Narayanpur 7. Surajpur 8. Manedragarh-Chirmiri-Bharatpur 9. Bastar 10. Kondagaon 11. Koriya 12. Bemetara 13. Mungeli | • संस्थान का पंजीयन सर्टिफिकेट एवं स्थायी पता फॉर्म 20-21 • ड्रग लाइसेंस • आवेदक संस्थान में नियुक्त फार्मासिस्ट कि डिग्री, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं नियुक्ति पत्र |
| eDiagnostic | 1. Sukma 2. Bijapur 3. Dantewada 4. Balod 5. Balrampur 6. Narayanpur 7. Surajpur 8. Manedragarh-Chirmiri-Bharatpur 9. Jashpur 10. Kondagaon 11. Koriya 12. Bemetara 13. kabirdham 14. Kanker 15. Surguja 16. Mungeli | • संस्थान का पंजीयन सर्टिफिकेट एवं स्थायी पता • उपलब्ध जांचों की सूचि एवं दर • AERB/ PC PNDT/ फॉर्म B रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट • आधार कार्ड, PAN कार्ड और GST सर्टिफिकेट • Pathalogist की डिग्री सर्टिफिकेट एवं रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट • Pathalogist की नियुक्ति सम्बंधित दस्तावेज (If applicable) • Radiologist की डिग्री एवं रजिस्ट्रेशन और diagnostic centre नियुक्ति पत्र (If applicable) |

इच्छुक आवेदक www.esic.gov.in-------->Health Services Apply under mIMP Scheme के ऑनलाइन लिंक पर दिनांक 01.04.2026 से 21.04.2026 तक आवेदन कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु दूरभाष संख्या-0771-2253689 में क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, रायपुर (छ.ग) पर संपर्क किया जा सकता है।
आवेदन के अंतिम तिथि के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।
क्षेत्रीय निदेशक

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEE'S STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय, 107, रामनगर रोड, कोटा रायपुर (छत्तीसगढ़)-492010
REGIONAL OFFICE, 107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (CHHATTISGARH) -492010
Phone :0771-2254589,
Email : rd-cgarh@esic.gov.in
Website : www.esic.gov.in/www.esic.in


कैशलेस तृतीयक चिकित्सा सेवायें उपलब्ध कराने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति बाबत् ई-निविदा नोटिस-Multispeciality अस्पतालों के माध्यम से।
(छ.ग. के सभी जिला में कहीं भी)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन एक स्वायत्तशासित सामाजिक सुरक्षा संगठन है, जो क.रा.बी. अधिनियम 1948 के तहत अपने व्याप्त सभी कामगारों व उनके परिजनों को नकद, चिकित्सा एवं अन्य हितलाभ प्रदान करता है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के व्याप्त समस्त क्षेत्रों के हितग्राहियों को कैशलेस आधार पर तृतीयक चिकित्सा सुविधायें नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है।
निगम के हितग्राहियों को तृतीयक चिकित्सा सेवायें प्रदान करने के लिये निगम के नियम व शर्तों के तहत उक्त क्षेत्रों में कार्यरत केंद्र और राज्य सरकार/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled/CGHS empanelled/निजी/चेरिटेबल अस्पताल ई-निविदा के सभी नियमों और शर्तों और प्रक्रिया के साथ निविदा दस्तावेज को बोलीदाता वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app और https://www.esic.gov.in/tenders से ऑनलाइन देख या डाउनलोड कर सकते हैं। सभी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइटों पर यदि कोई अधिसूचना/अपडेट हो तो उसकी जांच कर लें।
निर्धारित समय उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

| अस्पताल का कार्यक्षेत्र | अनुबंध की अवधि | रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन जमा किये जाने की प्रारंभिक तिथि व समय | रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कहीं भी | 02 वर्ष के लिए | 01.04.2026 (09:00 AM) | 21.04.2026 (06:00 PM) |
| | 1.रायपुर, 2.रायगढ़, 3.सारंगढ़-बिलाईगढ़, 4.जांजगीर-चाम्पा, 5.सक्ती, 6.धमतरी, 7.बलौदा बाजार, 8.राजनांदगांव, 9.खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, 10.मोहला-मानपुर, 11.गरियाबंद, 12.कोरबा, 13.बिलासपुर, 14.गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 15.दुर्ग, 16.बालोद, 17.बलरामपुर, 18.बस्तर, 19.बेमेतरा, 20.बीजापुर, 21.दंतेवाडा, 22.जशपुर, 23.कबीरधाम, 24.कांकेर, 25.कोंडागांव, 26.कोरिया, 27.महासमुंद, 28.मुंगेली, 29.नारायणपुर, 30.सरगुजा, 31.सुकमा, 32.सूरजपुर, 33.मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | | |
| Pre-Bid Meeting Date and Place | दिनांक 13.04.2026 (11:00 AM से 12:00 PM बजे) ESIC क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) में। | | |

बोली लगाने वालों को जाँच-सूचि के अनुसार सभी संलग्नकों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ एनआईसी पर https://eprocure.gov.in/eprocure/app क.रा.बी.निगम के लिए केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (CPP) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मूल्यांकन हेतु केवल ऑनलाइन दस्तावेजों और अनुलग्नक पर विचार किया जाएगा। किसी भी मामले में भौतिक दस्तावेज पर विचार नहीं किया जाएगा।
नोटः- उक्त के लिए प्राप्त आवेदनों में केंद्र और राज्य सरकार/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled/CGHS empanelled/निजी/चेरिटेबल अस्पतालों को इसी क्रम में प्राथमिकता दी जावेगी।
हस्ता/-
क्षेत्रीय निदेशक





हाल के वर्षों में डायबिटीज पेशेंट्स की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। इसकी अनेक वजहें हैं। ब्लड में शुगर लेवल बढ़ने से कई शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करना बहुत जरूरी है। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# डायबिटीज कंट्रोल के लिए जरूरी बैलेंस्ड डाइट-एक्सरसाइज-मेडिकेशन



मेडिकल एडवाइस

डॉ. विपुल गुप्ता
कंसल्टेंट फिजिशियन-डायबेटोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

मधुमेह (डायबिटीज) एक लॉन्ग पीरियड मेटाबॉलिज्म संबंधी रोग है, जिसमें शरीर में ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। यह समस्या तब होती है, जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन हार्मोन नहीं बना पाता या इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता।

**डायबिटीज के प्रकार:** डायबिटीज के मुख्य प्रकारों में टाइप 1, टाइप 2 और गर्भावधि मधुमेह यानी जेस्टेशनल डायबिटीज शामिल हैं। टाइप 1 डायबिटीज, एक ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें पैनक्रिएज ग्लैंड की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं और मरीज को जीवन भर इंसुलिन लेना पड़ता है। टाइप 2 डायबिटीज, सबसे कॉमन होता है, जो अधिकतर मोटापा, गलत फूड हैबिट और इनएक्टिव लाइफस्टाइल के कारण होता है। जेस्टेशनल डायबिटीज, महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान होता है और डिलीवरी के बाद नॉर्मल हो सकता है। लेकिन यह भविष्य में टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ा देता है। इसके अलावा डायबिटीज के कुछ अन्य प्रकार भी होते हैं, जो जेनेटिक कारणों, पैनक्रिएटिक ग्लैंड रिलेटेड डिजीज या कुछ दवाओं के कारण हो सकते हैं।



**प्रमुख लक्षण:** डायबिटीज के लक्षणों में बार-बार पेशाब आना (पॉलीयूरिया), अत्यधिक प्यास लगना (पॉलीडिप्सिया) और अधिक भूख लगना (पॉलीफेजिया) प्रमुख हैं। इनके अलावा थकान, कमजोरी, धुंधला दिखाई देना, बिना कारण वजन कम होना, घावों का देर से भरना और बार-बार संक्रमण होना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। लंबे समय तक डायबिटीज रहने पर हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नता भी महसूस हो सकती है। टाइप 2 डायबिटीज में कई बार कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं और जांच के दौरान ही इसका पता चलता है।

**डायग्नोसिस:** ब्लड में शुगर लेवल की जांच से डायबिटीज को डायग्नोस किया जाता है। अगर फास्टिंग ब्लड शुगर 100 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। भोजन के बाद शुगर लेवल 140 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। एचबीए 1सी 6.5% या उससे अधिक हो या रैंडम ब्लड शुगर लेवल 200 एमजी/डीएल के साथ अन्य लक्षण मौजूद हों तो डायबिटीज की पुष्टि की जाती है। अगर शुगर लेवल सामान्य से अधिक लेकिन इन मानकों से कम हो तो उसे प्रीडायबिटीज स्टेज कहा जाता है। डायबिटीज डायग्नोस होने पर जल्द से जल्द ट्रीटमेंट शुरू करना बहुत जरूरी है। इससे हार्ट, किडनी, आंखों और नसों से संबंधित जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ऐसे करें शुगर लेवल कंट्रोल:** डायबिटीज को कंट्रोल करने में डाइट का बहुत इंपॉर्टेंट रोल होता है। डायबिटिक पेशेंट्स को रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट जैसे व्हाइट ब्रेड, मिठाइयों और स्वीट ड्रिंक्स के सेवन से बचना चाहिए। फास्ट फूड, तली-भुनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए और नमक का सेवन भी सीमित मात्रा में करना चाहिए। इसके बजाय साबुत अनाज जैसे ओट्स, ब्राउन राइस, हरी सब्जियां, दालें और फाइबर युक्त फूड्स का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन के लिए दाल, पनीर, मछली आदि ले सकते हैं। हेल्दी फैट के लिए ड्राय फ्रूट्स और सीड्स का सेवन लाभदायक होता है। भोजन कम मात्रा में और कई बार करना चाहिए ताकि ब्लड शुगर का लेवल संतुलित बना रहे। बैलेंस्ड डाइट, रेग्युलर एक्सरसाइज और सही मेडिसिन के माध्यम से डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है और इसके साइड इफेक्ट्स से बचा जा सकता है। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

अवेयरनेस

विवेक शुक्ला

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने उत्तम स्वास्थ्य के अंतर्गत शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्व दिया है। बावजूद इसके, इन दिनों बहुत से लोग उच्च रक्तचाप और दिल से संबंधित बीमारियां, डायबिटीज, पाचन तंत्र और मनोरोगों से ग्रस्त हैं, जिनके प्रति सचेत रहकर हम स्वयं को काफी हद तक स्वस्थ रख सकते हैं।

स्पेशलः वर्ल्ड हेल्थ डे, 7 अप्रैल

इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम 'टुगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' है। इस थीम का अर्थ है कि स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में एक-दूसरे का साथ दें और विज्ञान पर आधारित उपचार पद्धतियों, शोध और अध्ययनों पर भरोसा करें। यानी परिवार में हम अपने साथ ही बड़े-बुजुर्गों और बच्चों का भी ध्यान रखें। तभी हम सभी फिजिकली-मेंटली हेल्दी रह सकेंगे।

# फिजिकल हेल्थ के साथ ही मेंटल हेल्थ का भी रखें ध्यान



## हार्ट की करें प्रॉपर केयर


'दि वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन' के अनुसार दुनिया भर में विभिन्न रोगों से सर्वाधिक मौतें हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों से होती हैं। हृदय रोगों का एक महत्वपूर्ण कारण उच्च रक्त चाप है। कुछ सुझावों पर अमल कर उच्च रक्तचाप और विभिन्न हृदय रोगों से बचाव किया जा सकता है।

**तनाव से बचें:** मेडिकल जर्नल 'दि लैसेंट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार तनाव दिल की सेहत का सबसे बड़ा शत्रु है। इसलिए तनाव को नियंत्रित करने के लिए जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें। निराशावादी विचारों के बजाय आशावादी बने रहें।

**नमक कम से कम:** जो लोग उच्च रक्त चाप की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए प्रतिदिन लगभग 3 से 4 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच) ग्रहण करना चाहिए। जहां तक संभव हो, खानपान की चीजों में ऊपर से नमक का छिड़काव न करना बेहतर है।

**जंक फूड्स से परहेज:** ऐसे खाद्य पदार्थ जो अत्यधिक चिकनाई युक्त हैं या जो वस्तुएं तली हुई हैं, उनसे परहेज करना बेहतर है। जंक फूड्स में अत्यधिक चिकनाई या वसा और नमक प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इनके सेवन से बचें।

**धूम्रपान-शराब से बनाएं दूरी:** हृदय, धमनी रोग (कोरोनरी आर्टरी डिजीज) का एक कारण धूम्रपान है। धूम्रपान के कारण फेफड़ों पर ही नहीं बल्कि इनके जरिए हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार पर प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण कालांतर में हृदय रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। शराब का नियमित सेवन दिल की सेहत के अलावा शरीर के अन्य अंगों लिवर और किडनी के लिए भी नुकसानदेह है। इसलिए किसी भी रूप में स्मोकिंग और एल्कोहल सेवन से परहेज करें।



**नियमित व्यायाम और योग:** एक अध्ययन के अनुसार योगासन, प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। अपनी शारीरिक क्षमता और उम्र के अनुसार आप व्यायाम का चयन कर सकते हैं। टहलना भी एक अच्छा व्यायाम है। जो लोग हाई बीपी और किसी हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें डॉक्टर से परामर्श लेकर व्यायाम शुरू करना चाहिए।

**ब्लड प्रेशर चेक करें:** जो लोग हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें हफ्ते में दो बार अपना ब्लड प्रेशर चेक करवाना चाहिए। डॉक्टर के परामर्श से बीपी की दवाएं लेनी चाहिए।

**मोटापे से बचें:** अधिक वजन होना हृदय रोग के खतरे को बढ़ाता है। इसलिए वजन नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास करें, व्यायाम करें और डाइटिशियन से मिलकर अपना डाइट चार्ट बनवाएं। अगर घबराहट, जी मिचलाना, चक्कर आए या सीने में दर्द होने पर डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

## पाचन तंत्र रखें सही

अगर आपका हाजमा दुरुस्त नहीं है तो फिर आप कितने भी पौष्टिक पदार्थ ग्रहण करें, वे शरीर में जज्ब नहीं हो पाते। इस स्थिति में कमजोरी महसूस होती है और शरीर की कार्यप्रणाली शिथिल हो जाती है। गैस और एसिडिटी ज्यादा बनना (रीफ्लक्स), दूषित खानपान से पेट में जीवाणुजनित संक्रमण, दस्त और डायरिया, फूड प्वाइजनिंग और हेपिटाइटिस आदि समस्याएं उत्पन्न होने के खतरे बढ़ जाते हैं।

**गैस-एसिडिटी से ऐसे बचें:** खाने के बाद दो घंटे तक लेटना नहीं चाहिए। ऐसा करने से गैस और एसिडिटी की समस्या से बचाव होगा। जंक फूड्स से परहेज करें। अत्यधिक चिकनाई युक्त और मिर्च मसालों से भरपूर खाने से परहेज करें। भूख से अधिक खाना न खाएं। छाछ को छोड़कर दूध और इससे निर्मित अन्य उत्पादों के कारण भी पेट में गैस बनती है। अनेक लोगों में फ्रूट जूस से भी गैस बन सकती है, क्योंकि इनमें फ्रक्टोज नामक शुगर अधिक होती हैं, जिसके कारण गैस और एसिडिटी बनने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए इससे भी बचें। ये परहेज करने के बाद भी अगर राहत नहीं मिल रही है तो डॉक्टर से परामर्श लें।

**पेट में संक्रमण:** दूषित व अस्वच्छ खान-पान से पेट में संक्रमण होने के खतरे बढ़ जाते हैं। इस समस्या की रोकथाम के लिए कुछ भी खाने से पहले हाथों को सैनिटाइजर या फिर एंटीसेप्टिक साबुन से धो लें। बाहर का खाना खाने से हर संभव बचाव करें। खाना बनाने और उसके रखरखाव की प्रक्रिया स्वच्छ हो। जो खाद्य पदार्थ अच्छी तरह पके नहीं हैं, उन्हें न खाएं। बाहर के अनपके स्ट्रीट फूड्स से परहेज करें। खुले में काफी देर तक रखा खाना पेट को संक्रमित कर सकता है। इसलिए खुला और बासी खाना खाने से बचें। आपको किसी खाद्य पदार्थ से एलर्जी है तो उसे खाने से भी पेट में संक्रमण हो सकता है। संक्रमण के कारण पेट में तकलीफ हो तो ऐसी स्थिति में डॉक्टर से शीघ्र परामर्श लें।



## मानसिक स्वास्थ्य भी है जरूरी

हमारे दिमाग से ही शरीर संचालित होता है। इसलिए इसका हेल्दी होना जरूरी है। अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को हासिल करने की राह में मनोरोग बाधक हैं, जिनमें डिप्रेशन प्रमुख हैं।

**डिप्रेशन से उबरें:** अकसर हम किसी प्रतिकूल कारण से तनावग्रस्त हो जाते हैं और फिर एक अंतराल के बाद सामान्य हो जाते हैं। कुछ समय के लिए तनावग्रस्त होने का मतलब डिप्रेशन नहीं है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन से आशय उस मनोदशा से है, जिसमें व्यक्ति लगातार कई दिनों या लंबी अवधि तक तनावग्रस्त, उदास और नकारात्मक विचारों से स्वयं को घिरा हुआ महसूस करता है।

**प्रमुख लक्षण और प्रकार:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन के मुख्य लक्षणों को माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर में विभाजित किया गया है। माइल्ड और मॉडरेट डिप्रेशन में पेशेंट स्वयं को हताश और दुःखी महसूस करता है। किसी कार्य में मन न लगना, लोगों से मिलने-जुलने से कतराना, अपनी पसंदीदा हॉबी में दिलचस्पी लेना बंद कर देना। सेक्स की इच्छा का कम होते जाना, सोने की आदतों में बदलाव, खानपान की आदतों में बदलाव हो सकते हैं। सीवियर डिप्रेशन के पेशेंट सफलता हासिल करने की या किसी कार्य को संपन्न करने की उम्मीद ही छोड़ देते हैं, यह महसूस करना कि हमारी अब कोई मदद नहीं कर सकता है। ऐसी स्थिति में आत्महत्या का विचार उठना। उपरोक्त लक्षणों के प्रकट होने पर शीघ्र ही मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है। डिप्रेशन दूर करने के लिए मनोचिकित्सक काउंसलिंग करते हैं। काउंसलिंग के दो प्रकार होते हैं। पहला कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी और दूसरी को वेंटिलेशन थेरेपी कहते हैं। वहीं डिप्रेशन की गंभीर स्थिति वाले मरीजों के इलाज में एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का सहारा लिया जाता है और इसके साथ ही मरीज की काउंसलिंग भी की जाती है।

**मेंटल हेल्थ रहेगी सही:** अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएं। योगासन, प्राणायाम करें। मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण रखें। लोगों से मिलना-जुलना या सामाजिक संबंध बरकरार रखें। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। स्वास्थ्यकर आहार ग्रहण करना चाहिए और अपने भोजन में हरी सब्जियों और मौसमी फलों को वरीयता देनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के संदर्भ में जरूरत पड़ने पर अपने फिजिशियन या फिर मनोचिकित्सक से परामर्श लेना बेहतर रहता है। *

**(कोकिलाबेन हॉस्पिटल, इंदौर के फिजिशियन-कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित गुप्ता और मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम में सीनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, डॉ. सुकृत सूद से बातचीत पर आधारित)**




डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब अच्छी तरह से न लगे भूख



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे भूख नहीं लगती। पेट हमेशा भरा-भरा लगता है। कुछ भी खाने पर वॉमिट जैसी फीलिंग आती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-संजय, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हुआ है, इस वजह से आपका पेट भर-भरा रहता है। आप खाना हल्का और सुपाच्य खाएं। लंच में दही और सलाद जरूर शामिल करें। शाम को हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। कुछ दिन ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें। इस तरह बदलाव करने से आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले एक-डेढ़ महीने से मेरे सिर के पिछले हिस्से में रह-रहकर टीस होती रहती है। कई बार यह दर्द बहुत बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-कौशल, बिलासपुर**

क्या आपके सिर में हाल के दिनों में कोई चोट लगी थी? कई बार चोट लगने से ऐसी समस्या शुरू हो जाती है। बेहतर होगा आप एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। हो सकता है कि वह सिटी स्कैन जैसी कुछ जांच कराएं, जिससे पता चलेगा कि सिर दर्द की मूल वजह क्या है? फिर जरूरत के अनुसार वे उसका ट्रीटमेंट करेंगे। अपने मन से कोई दवा न लें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। कुछ दिनों से यूरीन पास करने के दौरान बहुत जलन होती है। ऐसा क्यों हो रहा है, कृपया कोई उपचार बताएं?**

**-किशोर, दुर्ग**

कई बार पानी कम पीने पर ऐसी समस्या देखी जाती है। इसलिए आप सबसे पहले पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं। अगर इसके बाद भी आपको इस तरह की समस्या है तो जरूर आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। वह कुछ जांच करवा कर इसका कारण पता लगाएंगे। ध्यान रहे बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।



# अब तक 2,000 के 98.45 फीसदी नोट वापस आ चुके : आरबीआई

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद 98.45 प्रतिशत बैंक नोट अब तक वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि 19 मई, 2023 को कारोबार समाप्ति के समय चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 31 मार्च 2026 को घटकर 5,501 करोड़ रुपये रह गया है। आरबीआई ने कहा, /"इस तरह 19 मई 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोट में से 98.45 प्रतिशत अब तक वापस आ चुका है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि 2,000 रुपये के नोटों को बदलने की सुविधा उसके 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। ये कार्यालय व्यक्तियों और इकाइयों के बैंक खातों में जमा के लिए भी ऐसे नोट स्वीकार कर रहे हैं।

*अब भी नोट जमा करा सकते हैं :* *इसके अलावा, आम लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के जरिये 2,000 रुपये के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय को भेजकर अपने बैंक खाते में जमा करा सकते हैं।*

# जीएसटी 2.0 से बीते वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री 47 लाख इकाई के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 47 लाख इकाई के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे वाहन निर्माताओं के शानदार प्रदर्शन और वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 'जीएसटी 2.0' के प्रभाव ने बिक्री को रफ्तार देने में मुख्य भूमिका निभाई।

वाहन उद्योग नए वित्त वर्ष में भी इस गति को बनाए रखने की उम्मीद कर रहा है, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की स्थिति पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। इसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में आने वाले संभावित जोखिमों और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण वाहनों के दाम बढ़ने से मांग पर पड़ने वाले असर को कम करना है।

**दूसरी छमाही में जीएसटी कट ने बिक्री को दिया रफ्तार**

**उद्योग के नए वित्त वर्ष में भी गति बनाए रखने की उम्मीद**

**पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर उद्योग की पैनी नजर**



## शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत मांग

कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कुल 30,531 वाहन बेचे। कंपनी के अनुसार, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री वाहनों की मजबूत मांग के साथ-साथ उसके प्रीमियम ब्रांड 'अर्बानिया' की बिक्री में 100 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया।

## पहली छमाही चुनौतीपूर्ण रही

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 दो हिस्सों में बंटा रहा। पहली छमाही चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन सितंबर, 2025 में जीएसटी दरों में कटौती के बाद दूसरी छमाही में मांग में जबर्दस्त उछाल आया। इससे उद्योग को लगभग 47 लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा छूने में मदद मिली।

## मारुति कच्चे माल की लागत बढ़ने से कीमत बढ़ा सकती है

वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 43.4 लाख इकाई था।बनर्जी ने बताया कि आयकर में छूट, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती और जीएसटी 2.0 ने बिक्री बढ़ाने में मदद की है। हालांकि, कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण मारुति सुजुकी सहित अन्य कंपनियां कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती हैं।

## *टाटा मोटर्स की बिक्री में आठ फीसदी की तेजी*

*टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश चंद्रा ने कहा, /"यात्री वाहन उद्योग की बिक्री में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। जीएसटी 2.0 और त्योहारी सीजन के कारण दूसरी छमाही में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की गई।/"*

# चांदी 9,000 रुपए मजबूत सोना 3,500 रुपए चढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- तनाव कम होने के संकेत से बाजार में आई तेजी
- चांदी बढ़कर 2.46 लाख रुपए किलो,
- सोना 1.55 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

मजबूत वैश्विक रूख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने बताया कि बुधवार को भी सोने की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही। इस तेजी की मुख्य वजह पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत हैं। इससे आगे और तनाव बढ़ने या ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने का जोखिम कम होने की उम्मीद है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. /2026/ दिनांक 24.03.2026

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु व्यवसाय से संबंधित निविदाकारों / फर्मों से शेड्यूल अनुसार आईटम दरों पर ई-टेंडर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम, कोरबा हेतु 01 नग इनोवा (क्रिस्टा) वाहन ए.सी. सहित किराये पर प्रदाय करने बावत।(निगम मद) (द्वितीय निविदा) | 10.80 | 10.04.2026 (T.No. 187971) |
| 2 | नगर पालिक निगम, कोरबा हेतु 01 नग इनोवा (क्रिस्टा) वाहन ए.सी. सहित किराये पर प्रदाय करने बावत।(निगम मद) (द्वितीय निविदा) | 10.80 | 10.04.2026 (T.No. 187973) |
| 3 | नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न वाहनों हेतु टायर-ट्यूब खरीदी हेतु वार्षिक दर निर्धारण अंतर्गत।(निगम मद) (द्वितीय निविदा) | 24.10 | 10.04.2026 (T.No. 187974) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)


## आईनॉक्स क्लीन ने वाइब्रेंट का अधिग्रहण किया पूरा

**नई दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी ने मैक्वेरी कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शेयरधारकों से वाइब्रेंट एनर्जी का अधिग्रहण 5,000 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर पूरा कर लिया है। वैश्विक विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) परिवेश में उतार-चढ़ाव के बावजूद यह अधिग्रहण रिकॉर्ड चार महीनों में पूरा किया गया। कंपनी ने कहा कि वाइब्रेंट एक विविधीकृत नवीकरणीय ऊर्जा स्वतंत्र बिजली उत्पादक है।

## मप्र में नए वित्त वर्ष के शुरू में महंगा हुआ दूध



**इंदौर।** गर्मियों के मौसम में पशु आहार की बढ़ती कीमतों के कारण मध्यप्रदेश के कई स्थानों में विक्रेताओं ने बुधवार से दूध के खुदरा दामों में दो से चार रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया। इंदौर, उज्जैन, धार, देवास, भोपाल, जबलपुर और अन्य स्थानों में खुले दूध के खुदरा दाम में दो से चार रुपये प्रति लीटर तक का इजाफा किया गया है। उन्होंने बताया, ''इंदौर में 60 रुपये प्रति लीटर बिकने वाला खुला दूध अब 63 रुपये प्रति लीटर के दाम पर बिक रहा है।''


## कार्यालय मुख्य अभियंता (वि.सु.) एवं मुख्य विद्युत निरीक्षक छ.ग.शासन

बी ब्लाक, द्वितीय तल, इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
(दूरभाष 0771-2331482, e-mail-ceiraipur@gmail.com फैक्स 0771-2511483)

### चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इंजीनियर (सीईएसई) परीक्षा 2026 (संशोधित)

छत्तीसगढ़ राजपत्र, दिनांक 13/10/2023, क्रमांक 2411/एफ-20/01/2017/13/2 नवा रायपुर, दिनांक 06/10/2023 के प्रावधानानुसार चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इंजीनियर (सीईएसई) परीक्षा 2026 के लिए आवेदन पत्र दिनांक-01/04/2026 से 30/04/2026 तक कार्यालयीन दिवस में इस कार्यालय द्वारा नि:शुल्क प्रदाय किया जावेगा।

चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इंजीनियर (सीईएसई) परीक्षा हेतु पूर्ण भरा आवेदन पत्र डाक द्वारा या सीधे कार्यालय में दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2026 तक कार्यालयीन दिवस मे जमा किया जा सकता है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30/04/2026 है, विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा। जिन आवदकों द्वारा वर्ष 2025 में आवेदन जमा किया जा चुका है उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

(कौशिल्या भगत)
सचिव छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल
(विद्युत) नवा रायपुर

जी. 262700012/2



## Chhattisgarh Rural Roads Development Agency

VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)

### E-Procurement Tender Notice

NIT No. 1112,1113,1114,1115,1116,1117,1118,1119,1120,1121,1122,1023/TC-T/CGRRDA/2026 Dated 01/04/2026

Chief Engineer, CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for PMGSY Road Renewal Maintenance, Construction & Maintenance of Long Span Bridges PMJANMAN, Construction & Maintenance of Long Span Bridge (SCA Fund), Construction & Maintenance Road (SCA Fund) PM-JANMAN RURAL CONNECTIVITY, BATCH-I & III Year 2025-26, MMGGPY, PMGSY Road Balance work, Consultants for Bridge & Survey, Study & Construction & Maintenance of Long Span Bridges budget 2025-26 Detail Investigation and Preparation of Detail Project Report for Rural Roads Under for PMGSY-IV sanctioned for districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S. No | NIT No | Work Name | Amount (Rs. In Lakhs) | Districts | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1112 | Renewal/ Maintenance Under PMGSY Roads | Total Cost 988.13 Lakhs (including I.R. works, maint, Renewal works, Emergency work, GST) | Garurela-pendra-Marwahi, Balrampur, Gariyaband | Percentage Rate of PMGSY SOR 22.02.2018 issued by CE. CGRRDA Raipur |
| 02 | 1113 | PMGSY Road Balance work | Total Cost 219.86 Lakhs (Const.Cost 195.86 Lakhs, Maint. Cost 24.00 lakhs) | Bijapur | Percentage Rate of PMG SYSOR 04.02.2016 issued by CE,CGRRDA Raipur |
| 03 | 1114 | Renewal/Maintenance Under PMGSY Roads | Total Cost 171.63 Lakhs (including I.R. works, maint, Renewal works, Emergency work, GST) | Gariyaband | Percentage Rate of PMGSY SOR 22.02.2018 issued by CE. CGRRDA Raipur |
| 04 | 1115 | Construction & Maintenance of Long Span Bridges PMJANMAN | Total Cost Rs 5550.73 Lakhs (Const. Cost 5415.13 Lakhs, Maint. Cost 135.39 lakhs.) (Including GST) | Balrmapur, Kawardha, Khairagarh, Gariaband | SOR PWD Bridge enforced from 01.01.2015 with 10% Below applicable for CGRRDA & Approach road PMGSY SOR 22 02 2018 |
| 05 | 1116 | MMGGPY | Total Cost 53.66 Lakhs (Including GST) | Kabirdham | Percentage Rate of PMGSY SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur |
| 06 | 1117 | Construction & Maintenance Road Under PMGSY-IV | Total Cost Rs 1125.00 Lakhs (Const. Cost 1074.80 Lakhs, Maint. Cost 50.20 lakhs.) (Excluding GST) | Sukma | SOR of PMGSY enforced from 06.06.2025 & PMGSY SOR 22 02 2018 (only for Dantewada, Bijapur, Sukma & Narayanpur District of Chhattisgarh) |
| 07 | 1118 | PM-JANMAN RURAL CONNECTIVITY, BATCH-III, Year 2025-26, | Total Cost 783.91 Lakhs (Excluding GST) (Const Cost 740.31 Lakhs, Maint Cost 43.60 lakhs) | Kabirdham | Percentage Rate of PMGSYSOR 22.02.2018 issued by CE,CGRRDA Raipur |
| 08 | 1119 | PM-JANMAN RURAL CONNECTIVITY, BATCH-1, Year 2025-26, | Total Cost 1012.69 Lakhs (Excluding GST) (Const.Cost 954.97 Lakhs, Maint.Cost 57.72 lakhs) | Manendragarh-Chirmiri-Bharatpur | Percentage Rate of PMGSYSOR 22.02.2018 issued by CE,CGRRDA Raipur |
| 09 | 1120 | Construction & Maintenance of Long Span Bridge (SCA Fund) | Total Cost 989.93 Lakhs (Excluding GST) (Const.Cost 965.78 Lakhs, Maint.Cost 24.15 lakhs) | Sukma | SOR PWD Bridge enforced from 01.01.2015 with 10% Below applicable for CG RRDA & Approach road PMGSY SOR 22.02.2018 |
| 10 | 1121 | Construction & Maintenance Road (SCA Fund) | Total Cost 334.78 Lakhs (Excluding GST) (Const.Cost 314.38 Lakhs, Maint.Cost 20.40 lakhs) | Bijapur | Percentage Rate of PMGSYSOR 22.02.2018 issued by CE,CGRRDA Raipur |
| 11 | 1122 | Construction & Maintenance of Long Span Bridges budget 2025-26 | Total Cost Rs 1085.26 Lakhs (Const. Cost 1058.80 Lakhs, Main Cost 26.47 lakhs.) (Excluding GST) | Bastar, Kabirdham, Dhamtari, | For LSB Part PWD SOR 01.01.2025 & Approach road PMGSY SOR 22.02.2018 |
| 12 | 1123 | DPR Consultant for Bridge Under for PMGSY-IV | - | All Districts in Chhattisgarh | Percentage Rate Tender |

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 02.04.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

S-47360

Chief Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency Civil Lines, Raipur (C.G.)
Email: pmgsyrc4@yahoo.co.in



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

ई-मेल आई.डी-:- eewrmwh@cgwrd.in/wrdnmarwahi@gmail.com

### -: निविदा निरस्तीकरण आदेश: -

आदेश क्र. 922/व.ले.लि./2025-26 मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड दिनांक- 1-4-26

इस कार्यालय के सूचना क्र. 03/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 26.12.2025 (प्रथम आमंत्रण) सिस्टम क्र. 182244, चौरसिया जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में काम्या इंटरप्राईजेस, द-वर्ग ठेकेदार, वैशाली नगर, फेस-1, श्रीकान्त वर्मा मार्ग, मैगनेटो मॉल के पास, बिलासपुर (छ.ग.) न्यूनतम निविदाकार द्वारा असमर्थता व्यक्त करते हुए अनुबंध नहीं किया गया।

अत: अनुबंध न करने के कारण अनुबंध की कंडिका 2.10 के अंतर्गत निविदाकार काम्या इंटरप्राईजेस की अमानत राशि (EMD) के रूप में प्रस्तुत टी.डी.आर. क्र. 44830505374 दिनांक 14.01.2026 राशि 61100.00 (रू. इकसठ हजार एक सौ) मात्र वैधता तिथि 14.01.2027 को राजसात किया जाता है, साथ ही साथ उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, मरवाही
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

जी. 262700008/5



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

### ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 187651/निविदा सूचना क्र. 10/व.ले.लि./2025-26

दि. 25.03.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक **15.04.2026 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - बीजापुर जिले के विकासखंड भोपालपट्टनम की कोमटपल्ली (कोकमपल्ली) व्यपवर्तन योजना।

अनुमानित लागत रू. 774.57 लाख

(एस.ओ.आर. दिनांक **01.08.2010** से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक **22.08.2022** तक))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **01.04.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।


नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बीजापुर कृते मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

जी. 262700001/4



## राशिफल



**मेष** आज मंगल का मीन में गोचर आपको ऊर्जा देगा, लेकिन सावधानी बरतें। करियर में नई चुनौतियां आएंगी, मेहनत से सफलता मिलेगी।


**वृष** आर्थिक मामलों में सुधार होगा। निवेश सोच-समझकर करें। कार्यस्थल पर सहयोगियों का साथ मिलेगा। घरेलू जीवन सुखमय रहेगा।


**मिथुन** स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन मानसिक तनाव से बचें। प्रेम जीवन में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा। आर्थिक रूप से स्थिरता बनी रहेगी।


**कर्क** चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। करियर में सतर्क रहें। परिवार में छोटी-मोटी बहस हो सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें।


**सिंह** आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में सफलता के नए द्वार खुलेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों में मिठास आएगी।



**कन्या** दिन व्यस्त रहेगा। कार्यस्थल पर मेहनत रंग लाएगी। परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, लेकिन आराम जरूरी।


**तुला** रिश्तों पर फोकस रहेगा। करियर में प्रगति होगी। घरेलू जीवन सुखद रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन में रोमांस बढ़ेगा।


**वृश्चिक** आज भावनाओं को नियंत्रित रखें। करियर में चुनौतियां आएंगी, लेकिन मेहनत से पार पाएं। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।


**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। करियर में उन्नति होगी। परिवार में आनंद रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। आर्थिक लाभ के अवसर बनेंगे।


**मकर** करियर पर फोकस बढ़ेगा। परिवार में शांति रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। प्रेम में भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**कुंभ** नई शुरुआत के लिए अच्छा दिन। करियर में प्रगति संभव। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। प्रेम जीवन रोमांचक रहेगा।


**मीन** मंगल के गोचर से ऊर्जा बढ़ेगी। करियर में महत्वाकांक्षा पूरी होगी। परिवार सुखी रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन तनाव से बचें।

## बेलगोटेक्स की दिवाला अर्जी पर दोबारा होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने पुनीत इंडिया के खिलाफ दायर बेलगोटेक्स इंडिया की दिवाला अर्जी को खारिज करने वाले एनसीएलटी के आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही अपीलीय न्यायाधिकरण की दो-सदस्यीय पीठ ने मामले को फिर से सुनवाई के लिए एनसीएलटी की नयी दिल्ली पीठ को वापस भेज दिया। उसने सभी पक्षों को सुनकर नया आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान और नरेश सलेचा की पीठ ने कहा कि एनसीएलटी ने चूक की तारीख तय करने और दिवाला संहिता की धारा 10ए के तहत आने वाली अवधि में देय राशि की गणना में 'स्पष्ट कानूनी त्रुटि' की है।

## *शब्द पहेली - 6183*



*बाएँ से दाए*
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

*ऊपर से नीचे*
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवत:-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र- 3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

*शब्द पहेली- 6182 का हल*



## सूडोकु नवताल- 6193

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल- 6192 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### ध्रुव योग व हस्त...

अप्रैल को ही ये पर्व मनाया जाएगा। इस बार हनुमान जयंती ध्रुव योग और हस्त नक्षत्र में मनाई जाएगी। ध्रुव योग सुबह से दोपहर 2:20 बजे तक रहेगा, जो स्थिरता और सफलता का प्रतीक माना जाता है। वहीं हस्त नक्षत्र शाम 5:38 बजे तक रहेगा, इसके बाद चित्रा नक्षत्र शुरू हो जाएगा।

### हनुमान चालीसा...

फूल और तुलसी हनुमानजी को अर्पित की जाएगी। इसके बाद भोग में बेसन के लड्डू और गुड़ चने का भोग लगाया जाएगा। प्रमुख मंदिरों में भंडारे की भी तैयारी की गई है।

### महंगाई से हुआ...

बीते 7 मार्च को 14 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमतों को स्थिर रखा गया है, लेकिन ऑयल मार्केटिंग कंपनी ने 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में तगड़ी बढ़ोतरी की है, जो खास तौर पर होटल-रेस्टोरेंट इंडस्ट्री के लिए बड़ी मुसीबत है। दरअसल, मिडिल ईस्ट में युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे वैश्विक तेल कीमतें करीब 50% तक बढ़ गई है। मिडिल ईस्ट संघर्ष शुरू होने के बाद से कीमतों में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इस बीच, पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर बने हुए है। मार्च पिछले वर्ष 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती के बाद से इनके दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। **एटीएफ के दाम दोगुने** -मिडिल ईस्ट युद्ध के बीच सबसे बड़ी मार हवाई ईंधन यानी एयर टर्बाइन फ्यूल के भाव (एटीएफ प्राइस) पर पड़ी है। पहली बार इसकी कीमत 2 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के पार पहुंची है और दोगुनी से ज्यादा हो गई है। दिल्ली में ये 1 मार्च के 96,638.14 रुपये के उछलकर 207,341.22 रुपये प्रति किलोलीटर, कोलकाता 99,587.14 रुपये से 205,955.33 रुपये, मुंबई में 90,451.87 रुपये से 194,968.67 रुपये और चेन्नई में 1,00,280.49 से बढ़कर इसकी कीमत 214,597.66 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। विमान ईंधन में ये तेज बढ़ोतरी, यात्रियों का हवाई सफर महंगा करने वाली साबित हो सकती है।

### शक में ले ली...

बाद आरोपी ने थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी का किराएदार से अफेयर था, इसके चलते आरोपी को उसकी बेटी तथा पत्नी प्रताड़ित कर घर से निकलने के लिए कहते थे। गुलाब साहू को पुलिस ने पत्नी लता साहू तथा बेटी चित्रा साहू की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने घटना दिनांक को तड़के सात बजे पत्नी तथा बेटी की हत्या कर दी। बताया जा रहा है, गुलाब का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी तथा बेटी के साथ विवाद हुआ। गुलाब का अपनी पत्नी तथा बेटी के साथ विवाद इतना बढ़ गया कि गुलाब ने मौके पर रखा टंगिया उठाकर अपनी पत्नी की गर्दन पर वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान बेटी चीख पुकार मचाने लगी, तो गुलाब ने उस पर भी टंगिया से वार कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद वह सरेंडर करने थाना पहुंचा। **चार साल पहले की थी शादी** -गुलाब ने लता के साथ चार साल पहले शादी की थी। चित्रा गुलाब की सौतेली बेटी है। पूछताछ में गुलाब ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी का घर के किराएदार के साथ अफेयर चल रहा था। गुलाब ने आरोप लगाया है कि किराएदार उसकी पत्नी को गाड़ी तथा महंगे गिफ्ट देने का झांसा देकर घर पर कब्जा करना चाहता है। गुलाब के अनुसार इसलिए पत्नी तथा उसकी बेटी उसे आए दिन घर से निकलने के लिए टार्चर करते थे। इसी आवेश में आकर उसने पत्नी तथा बेटी की हत्या कर दी। बिलासपुर में तैनाती के दौरान अनुशासनहीनता करने पर गुलाब पुलिस विभाग से टर्मिनेट हुआ है।

### पूर्व पति को...

होने की आशंका थी। इस बात से नाराज होकर उसने पहले अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की। इसके बाद साक्ष्य छिपाने चेहरे पर दो से तीन बार भारी पत्थर मार कर सिर कुचल दिया।

### युद्ध ने रोकी सड़क...

लगा है। प्रदेश के कई जिलों में करीब दस हजार करोड़ रुपए के पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय सहित एनएचएआई की कई परियोजनाओं पर काम बंद होने की भी नौबत आ गई है। राज्य के कई ठेकेदारों ने शासन को पत्र लिखकर निर्माण काम के लिए हाथ भी खड़े कर दिए हैं। मध्य पूर्व क्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजारों और पेट्रोलियम आपूर्ति में गंभीर व्यवधान पैदा हो गया है। जिसके कारण छत्तीसगढ़ सहित देशभर में तेल टैंकरों और एलएनजी वाहकों की कमी हो गई है और इस बीच दामों में बेतहाशा वृद्धि के कारण इसका सीधा असर विकास कामों पर पड़ता दिखाई दे रहा है। सूत्रों के अनुसार डामर की कीमतें जो पहले लगभग 40,000 रुपए प्रति टन के आसपास थी, अब बढ़कर 55,000 से 65,000 रुपए प्रति टन तक पहुंच गई है। वही हाल इमल्शन के रेट का हुआ है। यहां भी काफी बढ़ोत्तरी हो गई है। इसके साथ ही मशीनों को चलाने में इस्तेमाल होने वाले एलडीओ के दाम 51 रुपए लीटर तक बढ़ गए हैं। इधर सीमेंट के दामों में हुए इजाफे के कारण निर्माण काम बंद होने के कगार पर आ गए हैं। निर्माण काम में लगने वाली मशीनों को भी डीजल नहीं मिल रहा है। इधर ठेकेदारों का कहना है कि युद्ध के पहले की स्थिति में निर्माण कामों के जो रेट निर्धारित थे, उन्होंने उसी दर के आधार पर टेंडर भरा था, लेकिन अब दामों में अप्रत्याशित वृद्धि होने से वे नुकसान में आ गए हैं।

### ईरान ने बहरीन...

के हमाला में स्थित है। बैटेलको, बहरीन की सबसे बड़ी टेलीकम्युनिकेशन कंपनी है और एमेजॉन वेब सर्विसे के बुनियादी ढांचे को होस्ट करती है। बहरीन सरकार ने भी ईरान के इस हमले की पुष्टि की है। बता दें कि एक दिन पहले ईरान की सेना ने धमकी दी थी कि वह गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और एपल जैसी अमेरिका की टॉप 18 कंपनियों पर 1 अप्रैल से हमले करेगा। **कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी हमला** -बहरीन के अलावा ईरान ने बुधवार तड़के कतर तट के पास एक टैंकर और कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी हमला किया। इसके साथ ही तेहरान अपने खाड़ी अरब के पड़ोसियों पर हमले जारी रखे हुए है। इस बीच ईरान ने पहली बार यह स्वीकार किया है कि वॉशिंगटन के साथ संभावित युद्धविराम को लेकर सीधी बातचीत हुई है। **लेबनान पर इजरायली हमले में 5 मरे** -उधर, इजरायल ने यमन और ईरान दोनों तरफ से आने वाली गोलाबारी की चेतावनी जारी की, और साथ ही लेबनान में अपने हमले भी किए, जिनमें कम से कम पांच लोग मारे गए। तेहरान पर हुए एक हवाई हमले में ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व अमेरिकी दूतावास परिसर को निशाना बनाया गया, जिस पर 1979 के बंधक संकट के बाद से ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड का नियंत्रण है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विशाल परिसर के बाहर बनी इमारतों की खिड़कियों के शीशे टूट गए थे, और ऐसा लगता है कि यह हमला परिसर की चारदीवारी के भीतर हुआ था।

### जग्गी हत्याकांड, जवाब...

बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच में सतीश जग्गी, सीबीआई, राज्य सरकार और अमित जोगी के वकील मौजूद थे। इस दौरान अमित जोगी के वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्हें केस की फाइल उपलब्ध नहीं कराई गई है, इसलिए जवाब देने के लिए समय दिया जाए। हालांकि हाईकोर्ट ने समय देने से इनकार कर दिया और सीबीआई के वकील को निर्देश दिया कि फाइल तुरंत उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि 24 घंटे के भीतर जवाब पेश किया जाए और अगली सुनवाई में मामले की अंतिम सुनवाई की जाएगी।

### दोषियों की अपील...

हाईकोर्ट भेजने का निर्देश दिया था, जिससे मामले की मेरिट पर विस्तार से सुनवाई हो सके। ध्यान रहे कि हत्याकांड के बाद पुलिस की शुरुआती जांच में पक्षपात और असंतोष के आरोप लगने पर राज्य सरकार ने जांच सीबीआई को सौंपी थी। तब सीबीआई ने अपनी जांच में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी समेत कई लोगों पर हत्या और साजिश के आरोप लगाए थे। हालांकि, सबूतों के अभाव में अमित जोगी को बरी कर दिया गया था। अब लेकिन केस रिओपन होने के बाद कानूनी जानकारों का कहना है कि अमित जोगी को जमानत लेनी होगी।

### घर में सो रहे...

खपरी में संतराम साहू (65 वर्ष) अपनी पत्नी श्याम बाई साहू (61 वर्ष) के साथ रहता था। उसके दो बेटे अपने अपने परिवार के साथ गांव में ही अलग अलग घर में रहते हैं। संतराम का बेटा हरिशंकर साहू बुधवार 1 अप्रैल की सुबह जब अपने पिता के घर पहुंचा तो कमरे में माता और पिता की खून से सनी लाश देखकर उसके होश उड़ गए। पिता संतराम का शव जमीन पर पड़ा था, जबकि मां श्याम बाई की लाश खाट पर थी। धारदार हथियार से गला रेत कर दोनों की हत्या कर दी गई थी। महिला के गले से सोने का हार गायब था। घटना की सूचना पर मुलमुला पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू की। वहीं एफ एस एल और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय खुद घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने...

एसएलपी डालने के केंद्र के कदम की आलोचना करते हुए कहा- हम समझ नहीं पाए कि भारत सरकार और अन्य लोग हाई कोर्ट के डिविजन बेंच के आदेश को चुनौती देते हुए इस अदालत तक क्यों आए। हम 25,000 जुर्माने के साथ एसएलपी को खारिज करते हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने केंद्र सरकार को सबसे बड़ा मुकदमेबाज बताया और कहा कि इसी वजह से अदालत में इतने केस लंबित हैं। उन्होंने कहा, 'यह केस जुर्माने के साथ खारिज होना चाहिए।

### सुबह 6 बजे ईमेल...

ईमेल में बताया गया कि उनकी पोजीशन खत्म कर दी गई है। इस डिजिटल युग की छंटनी इतनी क्रूर थी कि मेल मिलने के कुछ ही मिनटों के भीतर कर्मचारियों के लैपटॉप और सिस्टम एक्सेस ब्लॉक कर दिए गए। न कोई एचआर राउंड हुआ, न ही मैनेजरों को पहले से इसकी जानकारी थी। सोशल मीडिया पर प्रभावित कर्मचारियों ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि उन्हें अपनी बात रखने या सहकर्मियों को विदाई देने तक का मौका नहीं मिला। **एआई निवेश और लैरी एलिसन की संपत्ति** - यह छंटनी ऐसे समय में हुई है जब ओरेकल एआई (एआई) और डेटा सेंटरों में भारी निवेश कर रहा है। कंपनी ने ओपनआई के साथ 156 बिलियन डॉलर की एक विशाल डील की है। इसी निवेश के दम पर ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन सितंबर 2025 में दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए थे और कंपनी का स्टॉक 346 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया था। यह विडंबना ही है कि एआई तकनीक बनाने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर ही आज उसी तकनीक की वेदी पर चढ़ाए जा रहे है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Sai Care
श्री सांई केयर हॉस्पिटल
कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS
साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है



सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीकल्स दुकान में काम करने के लिए दो युवको की आवश्यकता है वेतन 15000 तक योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- नटराज इलेक्ट्रीकल्स दुर्गा मन्दिर के पास नया सरकंडा बिलासपुर 9098195247 (40427)

**आवश्यकता है-** हेमू नगर बिलासपुर में स्वस्तिक कॉस्मेटिक एवं आभूषण दुकान में काम करने के लिए लड़कियों/महिलाओं की जरूरत है सम्पर्क करें- 72800 69441 (40431)

**आवश्यकता है-** ई-रिक्शा ड्राइवर की एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी सॉफ्ट वेयर जानकार की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पीआरके एडवाइजिंग अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177 (40432)

**आवश्यकता है-** फर्नीचर काम के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है स्वयं की बाइक एवं मोबाइल अनिवार्य चांपा या जांजगीर क्षेत्र और तखतपुर या मुंगेली क्षेत्र के लोग सम्पर्क करें- 9300350334 (40420)

**आवश्यकता है-** अनुभवी सिविल इंजीनियर (B.E civil) 1पद की (जो साइट पर काम करा सके) अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सत्य साईं बिल्डर फर्स्ट फ्लोर राजीव प्लाजा बिलासपुर 94255 30627 (40422)

**आवश्यकता है-** कार चलाने हेतु कुशल अनुभवी ड्राइवर एवं दुकान में काम करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है ड्राइविंग लाइसेन्स के साथ सम्पर्क करें- लोकचंद सन्स कश्यप कॉलोनी करबला रोड बिलासपुर 9300266612 (40425)

**आवश्यकता है-** सिविल सुपरवाइजर चाहिए। अनुभवी 10वर्ष पता- खुशी कंस्ट्रक्शन 9516801320 टिफिन सेन्टर में नाश्ता, खाना बनाने हेतु कारीगर, बर्तन धोने हेतु महिला, टिफिन सप्लाई हेतु लड़के पता- खुशी टिफिन सेन्टर 9516801320 (40426)

**आवश्यकता है**
अग्रणी दोपहिया वाहन डीलरशिप (सर्विस) में कार्य करने हेतु निम्नपदों की आवश्यकता है।
सर्विस एडवाजर-4 पद
फ्लोर सुपरवाइजर-1 पद
टेक्नीशियन-6 पद
PDI टेक्नीशियन-6 पद
पार्ट पीकर-3 पद
सिक्योरिटी गार्ड-2 पद
फिल्ड एग्जीक्यूटिव (सेल्स)-6 पद
वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता
वाक इन इंटरव्यू 12 PM से 2PM
दिनांक -31/3/2026 से 2/4/2026 तक
मौसाजी होंडा
सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर
8817017053 (सेल्स)
7631100772 (सर्विस)
maosajihondabilaspur@gmail.com

**Required** - Two Office staffs for TDS and Bank Audit Qualification- B.Com and above (English medium compulsory) Salary based on qualification and skill Contact- M/s Sushil & Surendra (Chartered Accountants) Shrikant Verma Marg, Bilaspur 9589009993 Email- casurendra@yahoo.co.in (40418)

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (40419)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में माल निकालने, जमाने हेतु लड़कियों, पैकिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सलूजा मेडिकल एजेन्सी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा (40430)

**आवश्यकता है-** FMCG डिस्ट्रीब्यूटर (lays, कुरकुरे और अन्य) में इंटर्नशिप हेतु ऑफिस, सेल्स, गोदाम कार्य हेतु पुरुष, महिला स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- चोपड़ा बिल्डिंग FCI रोड तारबाहर, बिलासपुर 91119 70228 8959080574 (40405)

**आवश्यकता है-** चॉकलेट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता-बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534 (40401)

**आवश्यकता है-** Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 रहना, खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (40412)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़कों की आवश्यकता हैं जिन्हें Tally एवं Busy Software में कार्य का अनुभव हो सम्पर्क करें- अनिश ऑटोमोबाइल्स, नटराज होटल के बगल में लिंक रोड, बिलासपुर 93995 12699 (40421)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं माल निकालने लड़के, लड़कियां चाहिए सम्पर्क करें- श्रीराम ट्रेडर्स, अजित होटल के पीछे, मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर 9425219248, 9039776336 (बायोडाटा व्हाट्सएप करें) (40428)

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 93011 86703, 8253010291, 8085233213, 72230 26026 (40406)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित कम्पनी में 18 चक्का ट्रक ट्रेलर ड्राइवर (ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य), हेल्पर, मेंटेनेन्स स्टाफ मुंशी, सुपरवाइजर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुभव, अनुसार, कार्य स्थान लोखंडी, जयरामनगर सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से शाम 5बजे तक, 7566194517 (40415)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक में फुल टाइम/ हाफ टाइम कार्य करने हेतु लड़कियों की sssआवश्यकता है। सम्पर्क करें- शांति डेंटल केयर, गुरुद्वारा के पास, मेन रोड, दयालबंद बिलासपुर 81095 18000 (40407)

**आवश्यकता है-** घर के सभी काम, सफाई, घर की देखरेख हेतु एक ईमानदार मेहनती लड़का चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार पता- हंसा विहार कॉलोनी मैग्नेटो मॉल के पास श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर 7974460190 (40408)

**आवश्यकता है-** एस.एस.पब्लिक स्कूल बैमा नगोई में बायोलॉजी, केमेस्ट्री, फिजिक्स, हिन्दी, संस्कृत, S.St पढाने हेतु सीनियर फैकल्टी एवं एक एकाउन्टेंट की आवश्यकता है, जिसे Tally का ज्ञान हो। सम्पर्क करें- 7697425610 (40411)

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का कार्य करने हेतु फैमिली वाले कि आवश्यकता है जो वहां रहकर कार्य कर सके दोनों मिलाकर तनख्वा- 13000 महीना सम्पर्क करें- 97542 93974 (40416)

**आवश्यकता है-** खाना बनाने के लिए लड़की कुक की आवश्यकता है नाश्ता खाना सभी के लिए अनुभवी हो। रहने एवं खाने की सुविधा वेतन 8000 महीना वाने सम्पर्क करें- 9752595404 (40417)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर (female) की आवश्यकता है अनुभवी, अंग्रेजी जानकार को प्राथमिकता, सम्पर्क करें- शाम 5-7 बजे तक, ओम डायग्नोस्टिक सेन्टर, रेड क्रॉस मेडिकल के सामने, सिम्स रोड, बिलासपुर 9229466628, 8602000508 (40409)

**आवश्यकता है-** रियल इस्टेट आफिस में टेलीकॉलिंग, मार्केटिंग हेतु युवक, युवतियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार 5000 से 20000 तक दिया जाएगा सम्पर्क करें- गणपति होम्स गीता पैलेस भवन के सामने उसलापुर 7828892113 (40393)

**आवश्यकता है-** 22 चक्का टिप ट्रेलर चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है वेतन 14000+ भत्ता हैवी ड्राइविंग लाइसेन्स और आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 8889655533, 7869069989 (40404)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य के लिए टेलीकॉलर और फील्ड स्टाफ कि आवश्यकता है 1 वेतन- 6000 से 10000 सम्पर्क करें- सलाह सर्विसेस, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 6269020002, 62690 20001 (40414)

**आवश्यकता है-** साफ सफाई गार्डन में पानी डालने एवं अन्य सभी घरेलु कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है रहने, खाने की सुविधा दी जाएगी तनखा- 7500 महीना सम्पर्क करें- 9752595404 (40392)

**आवश्यकता है-** सेनेटरी एवं पेंट शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सिंग सेनेटरी एण्ड पेंट्स गुरुनानक चौक तोरवा बिलासपुर 99072 00008 (40410)

**आवश्यकता है-** सेनेटरी, टाइल्स दुकान में कार्य हेतु मेहनती, होशियार दो लड़कों की आवश्यकता है। पता- जय श्रीकृष्ण ट्रेडर्स, अशोक जनरल स्टोर्स के पास, त्रिवेणी भवन मार्ग, जोन-2, व्यापार विहार बिलासपुर 9425219302 (40387)

**आवश्यकता है-** बलौदाबाजार शा. कार्यालय हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर 19, ड्राइवर 1, रायपुर हेतु सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 15, फील्ड अधिकारी 5, वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 77470 00016, 7747000019 (001)

**आवश्यकता है-** नवचेतन प्ले स्कूल, चांदनी चौक, कुदुदण्ड में अनुभवी महिला शिक्षिकाओं की तुरन्त आवश्यकता है इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र सम्पर्क करें- 8839215493, 98263 24785 (40397)

**आवश्यकता है-** पुरानी गाड़ी खरीदी बिक्री कार शोरूम में टेलीकॉलिंग अनुभवी लड़की एवं एक ड्राइवर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अंकित मोटर्स, मंगला चौक बिलासपुर 7000604508 (40403)

**आवश्यकता है-** दवाई दुकान में पिकर, चेकर, लोकल डिलीवरी, पैकर का काम करने के लिए लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जगत फार्मा, होटल अजीत के पीछे, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (40402)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई एजेन्सी में माल निकालने, मिलाने, पैकिंग कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं ड्राइवर, एकाउंटेंट की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्प्लेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 98271 22105 (40398)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीकल्स दुकान में Marg साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर (लड़की) एवं साईट कार्य हेतु वाईरिंग, फिटिंग इलेक्ट्रीशियन लड़के चाहिए पता- अरूण इलेक्ट्रीकल्स चन्द्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 78691 02080 (40399)

**आवश्यकता है-** परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364 (40095)

**आवश्यकता है-** न्यू हाई कोर्ट के पीछे छतौना के प्लॉट में वर्कशॉप में ही रहकर परिवार वाला व्यक्ति चौकीदारी करने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें-9669211111, 98271 75811 (40389)

**आवश्यकता है-** बैग सिलाई, स्क्रीन प्रिंटिंग कारीगर ऑफिस स्टाफ (महिला/ पुरुष) एवं मैड की आवश्यकता है काम करने के इच्छुक ही सम्पर्क करें- क्रिएटिव बैग राजीव गांधी चौक बिलासपुर 9098973726 (40400)

**आवश्यकता है-** कृष्णा फुट वेयर होल सेल दुकान में कार्य करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 9907925025, 79872 10064 (40379)

**आवश्यकता है-** रायपुर छ. ग. में टेलीकॉलर एवं ऑफिस कार्य हेतु 08 लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन - 12000-25000 तक योग्यता- स्नातक एवं कंप्यूटर की जानकारी होना अनिवार्य है। संपर्क करें- +91 83053 08100 (845)

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेन्ट में काम करने के लिए इंडियन कुक, हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार केवल अनुभवी ही सम्पर्क करें- तृप्ति भोजनालय मंगला चौक बिलासपुर 83195 29383 (40391)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर इंदौर देवास रीवा शहडोल मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट संपर्क - 6268044316, 9201024747 (351)

**आवश्यकता है-** ऑफिस/ फिल्ड कार्य करने हेतु कंप्यूटर टेक्नीकल असिस्टेंट, ऑफिस ब्वाय की आवश्यकता है! आकर्षक वेतन सम्पर्क करें- सिद्धि सॉफ्टवेयर शॉप नं-17 फर्स्ट फ्लोर व्यापार परिसर राजकिशोर नगर बिलासपुर 6260537847 (14736)

**आवश्यकता है-** रायपुर, महासमुंद, रायगढ मे सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर फील्ड आफिसर, कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें-9201958117, 9201958114, 786923 0888 (6616)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य, टेलीकॉलिंग हेतु महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है उम्र 35 तक योग्यता 10वीं से ग्रेजुएशन सैलरी 5000 से 10000 सम्पर्क करें- मन्दिर चौक बिलासपुर 08982373586 (40322)

## किराया

**किराया-** बाबूजी एम्पायर, अशोक नगर चौक, सीपत रोड बिलासपुर में 10000 वर्गफिट काम्प्लेक्स में शॉपिंग मॉल, कोचिंग, ऑफिस एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए से देना है। सम्पर्क करें- 9827198371, 99071 03707 (40321)

**किराये से देना है-** नारियल कोठी दयालबंद बिलासपुर में 9 कमरे का हॉस्टल 18 लोगों हेतु 2500/- प्रति स्टूडेंट साथ ही 5 लोगों के ग्रुप (स्टूडेंट या जॉब) वाले हेतु सेप्रेट 2 फुल फर्निश्ड कमरे मॉड्यूलर किचन अटैच वॉशरूम सहित 15000/- रु. में किराए से देना है। संपर्क करें - 9575843538, 76105 91966. (6623)

**किराया-** हनुमान मन्दिर गाँधी गार्डन के पास प्रथम तल पर दो बेडरूम हाल किचन लेटबाथ सहित सर्वसुविधा युक्त मकान छोटे परिवार/ कार्यालय हेतु किराया पर देना है सम्पर्क करें- 9425523515, 8817324272 (40367)

## बेचना है

**बेचना है-** सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र मकान 2BHK, पूर्व मुखी, डबल रोड, आसमा सिटी एवं सर्वसुविधायुक्त 2BHK फ्लैट, सेकेण्ड फ्लोर होटल आनन्दा इंपिरियल के बगल, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर। सम्पर्क करें- 7999133429 (40429)

**बेचना है-** सकरी मेन रोड, जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास विकसित कॉलोनी में कमर्शियल शॉप्स। बेहतर रेन्टल इंकम। मुख्य सड़क से लगी पॉश कॉलोनी 3BHK प्रीमियम लग्जरी हाउस बेचना है सुविधाएं अंडर ग्राउंड इलेक्ट्रीसिटी, 24×7 CCTV, क्लब हाउस, गार्डन, मन्दिर सीमित यूनिट्स सम्पर्क- 7799957000, 8109412221 (40424)

## फायनेंस

**फायनेंस-** प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल कृषि महिला समूह मकान दुकान लघु उद्योग, पर्सनल लोन आधार कार्ड पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज 30% छूट संपर्कः- 7489545029 (1366)

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अय्यर ने भुगता स्लो ओवर रेट का खमियाजा, आईपीएल ने पंजाब किंग्स पर लगाया 12 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पंजाब किंग्स ने 31 मार्च को मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। हालांकि, जीत के बाद पंजाब किंग्स को तगड़ा झटका लगा।

इंडियन प्रीमियर लीग की गवर्निंग काउंसिल ने पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया। आईपीएल ने स्लो ओवर रेट के चलते आचार संहिता के तहत श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ओवर-रेट को लेकर आईपीएल 2026 में यह उनकी टीम का पहला उल्लंघन था।

### अनुच्छेद 2.22 के तहत लगाया गया जुर्माना

पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखा। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत इस सीजन में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स का पहला अपराध (न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित) है, इसलिए उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### अंकतालिका में राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर

आईपीएल 2026 में चौथे मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर है। गुजरात टाइटंस को हराने के बाद भी पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स आखिरी पायदान पर है। टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो मुंबई इंडियंस के रयान रिकेल्टन शीर्ष पर हैं। टॉप-5 गेंदबाजों में जैकब डफी पहले नंबर पर हैं।

### अय्यर की कलाई पर लगी चोट, कहा- कोई अपशगुन नहीं करना चाहता



आईपीएल में 31 मार्च की रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की कलाई पर उनके ही साथी बल्लेबाज कूपर कोनोली का शॉट सीधे जाकर लगा। जब फिजियो उनकी जांच कर रहे थे, तब वह काफी दर्द में दिखाई दे रहे थे। इसके बाद ठीक अगली ही गेंद पर वह आउट हो गए। मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनकी कलाई वैसी ही है जैसी पहले थी और वह किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहते थे। चोट के बारे में पूछे जाने पर श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि यह ठीक है। यह वैसी ही है जैसी पहले थी। मैं किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहता। मैं बस सकारात्मक रहना चाहता हूं और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा।

### कूपर का खेल अविश्वसनीय

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कूपर कोनोली के प्रदर्शन पर कहा, 'उसने जो शॉट्स खेले, उनमें से कुछ को देखना किसी सपने जैसा था। यह अविश्वसनीय था। आईपीएल के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक राशिद खान की गेंद पर बैकफुट पर जाकर इतनी सफाई और खूबसूरती से छक्का मारना, यह सचमुच जबरदस्त था।

### मैं कलाई पर बर्फ लगा रहा था : श्रेयस

श्रेयस अय्यर ने 18 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने कहा कि जब पंजाब किंग्स के अचानक तीन विकेट (निहाल वढेरा, शशांक सिंह और मार्कस स्टोइनिस) गिर गए उस दौरान वह अंदर अपने हाथ पर बर्फ लगा रहे थे। श्रेयस अय्यर ने कहा, सच कहूं तो मेरा ध्यान अंदर अपने हाथ पर था, मैं उस पर बर्फ लगा रहा था और तभी अचानक हमने एक के बाद एक दो विकेट गंवा दिए। आईपीएल में ऐसी चीजें होती रहती हैं। श्रेयस अय्यर ने कहा, और ऐसी स्थितियों में आपको शांत और संयमित रहना होता है, इसलिए संदेश बहुत सीधा-सा था। बस खेल को आखिर तक ले जाओ और कूपर वहां मौजूद था। वह पूरी तरह से जम चुका था। एक खिलाड़ी के तौर पर उसकी समझ बहुत अच्छी है। मैंने उसे पहले भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते देखा है। उसकी सोच बहुत बढ़िया है। उम्मीद है कि वह इसी फॉर्म को जारी रखेगा।

## खबर संक्षेप



### आखिरी मैच में मेस्सी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

### लेवांडोवस्की ने दिए संन्यास के संकेत



**स्टाकहोम।** पोलैंड के विश्व कप में जगह नहीं बना पाने के बाद उसके स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दिए। स्वीडन ने प्लेआफ फाइनल में पोलैंड को 3-2 से हराया। इसके बाद लेवांडोवस्की ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा की, जिसमें उनके हाथ में कप्तान का आर्मबैंड है और पीछे 'टाइम टू से गुडबाय' गाना बज रहा है। बार्सीलोना के इस स्ट्राइकर ने सीधे संन्यास को लेकर कुछ नहीं कहा कि पहले भी वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दे चुके हैं। पिछले साल टीम के तत्कालीन कोच से मतभेदों के बाद भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल छोड़ने की धमकी दी थी, जिसके बाद कोच ने इस्तीफा दे दिया था। पोलैंड के लिए 2008 में पदार्पण करने वाले लेवांडोवस्की 165 मैचों में 89 गोल कर चुके हैं।

### एशियाई मुक्केबाजी : क्वार्टर फाइनल में विश्वनाथ, सचिन



**उलानबटोर।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप के तीसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब विश्व कप पदक विजेता सचिन सिवाच और विश्वनाथ सुरेश क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सचिन ने मंगोलिया के बुयांदालाइ बायारखू को 60 किलोवर्ग में 4-1 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चेंग वेइ ली से होगा। वहीं विश्वनाथ ने किर्गीस्तान के बेकजात एरजेशोव को 5-0 से मात दी। अब वह मौजूदा विश्व चैंपियन कजाखस्तान के संजार ताशकेन्बे से खेलेंगे।

## सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

# आईपीएल में बड़ा मुकाबला आज, जीत की तलाश में सनराइजर्स और केकेआर

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग के गुरुवार को होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा। यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है।

### अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी सनराइजर्स हैदराबाद और केकेआर

मैच : शाम 7.30 बजे से





**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उप-कप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवर्ड्स और पैट कमिंस।

### ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़

ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपए में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई, जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी। रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था, जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा।

### दिल्ली ने लखनऊ को हराया



आईपीएल के पांचवें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। यह दिल्ली की लखनऊ पर लगातार पांचवीं जीत रही। इकाना स्टेडियम में बुधवार को दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। लखनऊ 18.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दिल्ली ने 17.1 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। लखनऊ ने 105 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां शाहबाज अहमद इम्पैक्ट प्लेयर बनकर आए और टीम का स्कोर 141 तक पहुंचा दिया। दिल्ली ने भी पावरप्ले में ही 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की और टीम को जीत दिलाई। रिजवी प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। दिल्ली से समीर रिजवी ने 70 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 39 रन बनाए। थंगारसु नटराजन और लुंगी एनगिडी ने 3-3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। वहीं लखनऊ से प्रिंस यादव ने 2 विकेट लिए। मोहसिन खान और मोहम्मद शमी को 1-1 विकेट लिया।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग

# ईशान दे रहे अभिषेक को कड़ी टक्कर एस्टरहुइजेन ने लगाई जबर्दस्त छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं। तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौंवे स्थान पर हैं। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं।

### गेंदबाजों में राशिद खान शीर्ष पर

गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं।

### बटलर को फायदा, टिम सिफर्ट गए नीचे

टॉप 10 में केवल एक ही बदलाव है। इंग्लैंड के जॉस बटलर एक स्थान के उछाल के साथ अब आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट एक स्थान नीचे आए हैं, वे अब नौवें नंबर पर चले गए हैं। दरअसल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच जो सीरीज हुई थी, उसमें टिम सिफर्ट नहीं खेल रहे थे, इसलिए उनकी रेटिंग कम हो गई है। यानी जॉस बटलर को बिना खेल ही थोड़ा सा फायदा मिल गया है।

### एस्टरहुइजन को जबरदस्त फायदा

कॉनर एस्टरहुइजन ने एक साथ 64 स्थानों की छलांग मारी है। साउथ अफ्रीका के युवा खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन टी20 मैचों की सीरीज में अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया था। सीरीज के पहले मैच में तो वे 15 ही रन बना सके। इसके बाद दूसरे मुकाबले में उनके बल्ले से 57 रनों की पारी आई। तीसरे और आखिरी मैच में उन्होंने 75 रन बना दिए थे। इसका फायदा उन्हें मिला है। सीरीज से पहले वे टॉप 100 से भी बाहर थे, लेकिन अचानक टॉप 40 में पहुंच गए हैं।

## विमेंस वनडे

# न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, सबसे बड़ा रनचेज, टीम इंडिया का रिकॉर्ड ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| बेसिन रिजर्व



धमाकेदार फॉर्म में चल रही कप्तान अमेलिया केर की शानदार बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड की टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहाड़ जैसे लक्ष्य को हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला। न्यूजीलैंड ने बेसिन रिजर्व में खेले गए दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के दिए 347 रन के बड़े लक्ष्य को दो विकेट से हासिल कर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह महिला वनडे इतिहास में हासिल किया गया अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले साल भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में 339 रन को हासिल करते हुए ये रिकॉर्ड बनाया था। इस मैच में कुल 696 रन बने। पहले साउथ अफ्रीका ने 346 रन बनाए और फिर न्यूजीलैंड ने 350 रन बना डाले।

### केर ने खेली नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी

केर ने सिर्फ 139 गेंद में नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी खेली। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के 346/6 के विशाल स्कोर को दो गेंद बाकी रहते पार कर लिया। सुजी बेट्स के जल्दी आउट होने के बाद केर क्रीज पर आईं और पूरी पारी के दौरान रन रेट को नियंत्रण में रखा। इस दौरान उन्हें जॉर्जिया प्लिमर (23) के साथ 52 रन की साझेदारी और बाद में इसाबेला गेज (68) का साथ मिला। गेज और केर ने मिलकर 120 रन की अहम साझेदारी की, जिसने मिडिल ओवर्स में टीम को संभाला। गेज ने 48 गेंद में 68 रन की तेज पारी खेली। इससे दबाव दक्षिण अफ्रीका पर आ गया। न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवरों में लगातार विकेट गंवाए, लेकिन केर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को संभालते हुए टीम को जीत की ओर ले गईं। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिए थे। केर ने नादिन डी क्लार्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर मैच खत्म किया और दो गेंद शेष रहते ऐतिहासिक जीत दिलाई।

# टीम इंडिया जुलाई में करेगी जिम्बाब्वे का दौरा

**मुंबई।** विश्व चैंपियन भारत इस साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि भारतीय पुरुष टीम 23, 25 और 26 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे की टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। यह भारत और जिम्बाब्वे के बीच 2026-27 सत्र के लिए निर्धारित की गई दो द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में से पहली श्रृंखला होगी। जिम्बाब्वे अगले साल के शुरू में तीन वनडे मैच की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा। यह मैच तीन, छह और नौ जनवरी को क्रमशः कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे। भारत ने पिछले महीने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता था। इससे पहले भारत 2024 और 2007 में भी टी20 विश्व कप जीत चुका है। भारत ने आखिरी बार 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था, जहां उसने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 4-1 से जीती थी।

### इटली लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूका

**जेनिका।** फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी।

# 40 साल बाद फीफा वर्ल्ड कप में इराक ने रोमांचक मैच में बोलीविया को हराया

एजेंसी ▶▶| मोंटेरे



इराक ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालिफिकेशन का 40 साल पुराना इंतजार खत्म कर दिया है। इराक ने बुधवार को मोंटेरे स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर के आखिरी मैच में बोलीविया के खिलाफ 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की।

बोलीविया के खिलाफ इराक ने मुकाबले के 10वें मिनट में ही 1-0 से बढ़त बना ली थी। ल्यूटन टाउन के स्ट्राइकर आमिर अल अम्मारी ने एक कॉर्नर से अल हमादी को गेंद दी, जिन्होंने अपने हेडर से गोलकीपर को छकाते हुए गोल कर दिया। हालांकि, बोलीविया ने दबाव के आगे घुटने नहीं टेके और 38वें मिनट में जोरदार वापसी की। रामिरो वाका के डिफेंस को चीरते हुए पास के बाद मोइसेस पनियागुआ ने 12 गज की दूरी से एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। इराक के हुसैन ने 53वें मिनट में अपनी टीम की बढ़त फिर से कायम कर दी, उन्होंने अपनी दौड़ का समय एकदम सही रखा और मार्को फरजी के क्रॉस को आठ गज की दूरी से एक लो फर्स्ट-टाइम वॉली के साथ गोल में बदल दिया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
निविदा सूचना
नि.क्रं.01/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026-27 बिलासपुर दिनांक 01/04/2026
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 22/04/2026 को सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 32 श्री राजेश मिश्रा पूर्व पार्षद के घर के पास, संजय सराफ के घर से अजय सराफ के घर तक कांक्रीट रोड एवं अजय सराफ के मकान के सामने नाली निर्माण कार्य। | 6.12 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., बिलासपुर
पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)
सूचना
एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)
(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)
E-Mail id: registrarsua@yahoo.in, Website https://www.sggcg.in
क्रमांक/524/अकादमिक/पी.एच.-डी./2026 अम्बिकापुर, दिनांक 23/03/2026
-:: प्रवेश सूचना ::-
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर में पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक आवेदकों से दिनांक 26.04.2026 तक आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन का प्रारूप एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.sggcg.in पर उपलब्ध है।
कुलसचिव

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएसयू), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सूचना सं. : सीकेपी-जीएसयू-फेंसिंग-26-27-1, कार्य का नाम :** "आसनबोनी-झारसुगुडा स्टेशन के बीच किमी 233.880 से 515.117 (281.237 टीआर. केएम-(-)13.57 टीकेएम (i) बंडामुंडा ए केबिन से डी केबिन और बंडामुंडा ए 4.25 टीकेएम) (ii) सोनाखान-सोगरा (5.0 टीकेएम) (iii) बागडिही-धुतरा(4.32 टीकेएम) तक मेटल बीम क्रैश बैरियर, फिक्स्ड नॉट्स फेंसिंग बेज़िनल-2000, प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट और आरसीसी कॉलम के साथ ईंट कार्य द्वारा ट्रैक के बराबर में सेफ्टी फेंसिंग का प्रावधान", **निविदा मूल्य:** रु. 193,55,34,078.71, **बयाना राशि:** रु. 3,87,10,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु.0.00, **खुलने की तिथि:** 24.04.2026, **समापन अवधि:** 12 माह। निविदा वेबसाइट **http:// www.ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **टिप्पणी:** ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-01)




# दुनिया का वो देश, जहां खाली पड़े हैं लाखों घर, मुफ्त में भी नहीं रहना चाहते लोग

**टोक्यो।** दुनिया के कई बड़े शहरों में आज लोगों के लिए एक छोटा सा घर खरीदना या किराए पर घर लेना भी बेहद मुश्किल हो गया है। कहीं लोग महंगे किराए से परेशान हैं, तो कहीं जगह की इतनी कमी है कि लोग छोटे-छोटे कमरों में भी 4 से 5 लोग रहने को मजबूर हैं। लेकिन, इसी दुनिया में एक ऐसा देश भी है, जहां लाखों घर खाली पड़े हैं और सरकार खुद लोगों को वहां बसने के लिए बुला रही है। हैरानी की बात यह है कि मुफ्त में घर मिलने के बावजूद भी लोग वहां रहने के लिए तैयार नहीं हैं।

### आखिर क्यों खाली हो रहे हैं इतने घर?

इन घरों के खाली होने की सबसे बड़ी वजह जापान की तेजी से घटती जनसंख्या है। लोग अब पहले की तरह शादी नहीं कर रहे हैं और बच्चे भी कम हो रहे हैं। इससे परिवार छोटे होते जा रहे हैं और कई घरों में रहने वाला कोई बच ही नहीं रहा है। इसके अलावा, युवा पीढ़ी गांवों और छोटे कस्बों को छोड़कर बड़े शहरों जैसे टोक्यो की ओर जा रही है, जहां नौकरी और बेहतर सुविधाएं मिलती हैं।

### आंकड़े जो चौंका देते हैं

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जापान में कुल मकानों की संख्या 6 करोड़ से ज्यादा है, लेकिन इतने लोग नहीं हैं जो उनमें रह सकें। 2019 के बाद से खाली घरों की संख्या तेजी से बढ़ी है और अब यह आंकड़ा 90 लाख तक पहुंच चुका है। इनमें से लाखों घर किराए पर भी उपलब्ध हैं, लेकिन फिर भी कोई रहने को तैयार नहीं हो रहा है। जापान में एक ऐसा नियम भी है, जो इस समस्या को और बढ़ा देता है। अगर कोई व्यक्ति अपने पुराने घर को गिरा देता है, तो उसे उस जमीन पर ज्यादा टैक्स देना पड़ता है।



### मरम्मत का खर्च भी बड़ी वजह

इन पुराने घरों की हालत बहुत दिनों से खाली रहने के वजह से खराब हो चुकी है। इन घरों को रहने लायक बनाने के लिए भारी खर्च करना पड़ता है। यही वजह है कि लोग सस्ते या मुफ्त में घर मिलने के बावजूद भी वहां बसने से बचते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए जापान सरकार ने 'अकिया बैंक' नाम का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके तहत कई जगहों पर घर मुफ्त में या बहुत कम कीमत पर दिए जा रहे हैं।

### फिर भी लोग क्यों नहीं जा रहे?

इतनी सुविधाओं के बावजूद लोग इन घरों में रहने के लिए तैयार नहीं हैं। इसका मुख्य कारण है इनका लोकेशन। ज्यादातर घर दूर-दराज के गांवों में हैं, जहां नौकरी, स्कूल, अस्पताल जैसी सुविधाएं सीमित हैं। इसलिए लोग यहां नहीं बसना चाहते है और ये घर खाली के खाली ही रह जाते हैं।

दरअसल, यह मामला जापान का है, जो अपनी मॉडर्न तकनीक और अनुशासन से भरे जीवनशैली के लिए जाना जाता है। आज जापान एक अनोखी समस्या से जूझ रहा है, देश में करीब 90 लाख घर खाली पड़े हैं। इन घरों को वहां के लोगों के भाषा में 'अकिया' कहा जाता है, यानी ऐसे घर जिनमें कोई रहने वाला नहीं है। ये घर पूरी तरह से बने हुए हैं और कई में बुनियादी सुविधाएं भी मौजूद हैं, लेकिन लंबे समय से बंद रहने के कारण ये वीरान हो चुके हैं।

# अगले 30 साल में आएगी 'महा सुनामी'! यूनेस्को की वार्निंग ने उड़ाए यूरोप के होश

वॉशिंगटन। यूनेस्को ने एक ऐसी वार्निंग जारी की है, जिसने भूमध्य सागर के किनारे बसे देशों की नींद उड़ा दी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 30 सालों के अंदर इस क्षेत्र में भयंकर सुनामी आने की संभावना है। यह एक कड़वी सच्चाई है, जिसके लिए दुनिया अभी तैयार नहीं है। जब हम 'सुनामी' का नाम सुनते हैं, तो हमारे दिमाग में प्रशांत महासागर या हिंद महासागर के विशाल तटों की तस्वीरें आती हैं। लेकिन, संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने एक ऐसी वार्निंग जारी की है, जिसने यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के देशों की नींद उड़ा दी है। मोंटपेलियर विश्वविद्यालय और यूनेस्को द्वारा की गई रिसर्च से पता चलता है कि अगले 30 सालों के अंदर भूमध्य सागर में 1 मीटर से ऊंची सुनामी आने की संभावना 100% है। यह लहरें सुनने में छोटी लग सकती हैं, लेकिन घनी आबादी वाले तटीय शहरों के लिए ये काल साबित हो सकती हैं।

### क्यों बढ़ रहा है सुनामी का खतरा?

यूनेस्को का कहना है कि यह खतरा टेक्टोनिक हलचल के कारण आने वाला है। क्योंकि, यह इलाका अफ्रीकी और यूरेशियन प्लेटों के बीच में स्थित है, जिससे यहां आने वाले भूकंप समुद्र के नीचे की जमीन को हिला सकते हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन भी इसका एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन से समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, जिससे छोटी लहरें भी तटों पर बड़ी तबाही मचाने की ताकत रखती हैं।



### कौन से शहर हैं 'डेंजर जोन' में?

यूनेस्को ने कुछ खास शहरों को चिन्हित किया है, जो इस खतरे के सबसे करीब हैं। इसमें मार्सिले (फ्रांस), अलेक्जेंड्रिया (मिस्र), इस्तांबुल (तुर्की), कान्स (फ्रांस) और हाइफा (इजराइल) जैसे मशहूर शहरों के नाम शामिल हैं। फ्रांस के मार्सिले में सुनामी का खतरा काफी ज्यादा है। वहीं, मिस्र का अलेक्जेंड्रिया शहर समुद्र में डूबने की कगार पर है।

### यह क्यों है सबसे बड़ी आफत?

आपको बता दें कि भूमध्य सागर में सुनामी का खतरा इसलिए ज्यादा रहता है, क्योंकि यहां समुद्र का विस्तार कम है। प्रशांत महासागर में सुनामी आने पर घंटों का समय मिलता है, लेकिन भूमध्य सागर में तटों की दूरी कम होने के कारण चेतावनी मिलने के बाद लोगों के पास सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए सिर्फ 20 से 30 मिनट का समय होगा। भूकंप के अलावा, समुद्र के नीचे होने वाले भूस्खलन भी यहां बड़ी लहरें पैदा कर सकते हैं।

### यूनेस्को का सुनामी रेडी प्रोग्राम

यूनेस्को ने दुनिया भर के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक मिशन शुरू किया है, जिसमें वह समुद्र के किनारे रहने वाले लोगों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकलने की ट्रेनिंग दे रहा है। साथ ही यूनेस्को समुद्र में ऐसे आधुनिक सेंसर लगा रहा है, जो लहरों की आहट को सेकंडों में पहचान लें। इससे किनारों पर रहने वाले लोगों को जल्दी अलर्ट किया जा सकेगा। यूनेस्को का कहना है कि अब हर शहर के पास एक साफ 'इवैक्यूएशन मैप' होना अनिवार्य होगा।



खंडवा की इस अनोखी परंपरा में लाखों की लग रही बोली

# भगवान के माता-पिता बनने के लिए लगी लाइन!

खंडवा। खंडवा में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव अपनी अनोखी परंपराओं के कारण चर्चा में है, जहां श्रद्धालु भगवान के माता-पिता बनने के लिए उत्साहित हैं। जैन समाज के इस खास आयोजन में प्राण-प्रतिष्ठा और धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया जाता है। इस अवसर को पाने के लिए लोग पर्ची और बोली के माध्यम से भाग लेते हैं और कई बार लाखों रुपएतक की बोली लगाई जाती है। यह परंपरा केवल आस्था ही नहीं, बल्कि त्याग और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है।

### पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन

बजरंग चौक स्थित 45 साल पुराने महावीर दिगंबर जैन मंदिर में पांच दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव होने जा रहा है। यह आयोजन मुनिश्री आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में होगा। इस दौरान भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है और उन्हें पूजनीय स्वरूप में स्थापित किया जाता है।



### भगवान के माता-पिता बनने का मौका

इस आयोजन की सबसे खास बात यही है कि इसमें श्रद्धालुओं को भगवान के माता-पिता बनने का अवसर मिलता है। इसके लिए पर्ची और बोली के जरिए चयन किया जाता है। कई लोग पहले से इच्छा जताते हैं, लेकिन अंतिम फैसला परंपरा और गुरु के अनुसार होता है।

### लाखों की बोली, लेकिन आस्था सबसे ऊपर

इस मौके के लिए कई बार लाखों रुपए तक की बोली लगाई जाती है। लेकिन, समाज के लोग मानते हैं कि यह सिर्फ पैसे का नहीं, बल्कि आस्था और त्याग का विषय है। इस भूमिका को निभाने के लिए व्यक्ति को अपने जीवन में कई बदलाव करने पड़ते हैं।

स्टारलिंक को टक्कर देगा इसरो-यूटेलसैट का नया मिशन

# दुनिया ने माना इसरो का लोहा! अब फ्रांस के सैटेलाइट लॉन्च करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत के अंतरिक्ष अभियान अब केवल चांद और मंगल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भारत दुनिया का 'इंटरनेट हब' बनने की दिशा में एक और बड़ी छलांग लगा चुका है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और फ्रांसीसी सैटेलाइट दिग्गज यूटेलसैट के बीच हुए एक नए समझौते ने वैश्विक सैटेलाइट इंटरनेट की जंग में भारत की स्थिति को और मजबूत कर दिया है।

अंतरिक्ष की दुनिया में अब भारत भी एक बड़ा प्लेयर बनकर तेजी से उभर रहा है। दिनोंदिन भारत की साख लगातार बढ़ रही है। जहां एक तरफ पूरी दुनिया की नजरें नासा के 'आर्टेमिस-2' पर हैं, वहीं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने एक और बड़ा धमाका कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अब सिर्फ रॉकेट लॉन्च करने वाली संस्था नहीं रही, बल्कि वह दुनिया का एक भरोसेमंद स्पेस पार्टनर बन चुकी है। यूरोपीय सैटेलाइट दिग्गज यूटेलसैट ग्रुप ने अपने 'वनवेब' सैटेलाइट इंटरनेट समूह को और मजबूत करने के लिए इसरो के साथ एक नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। यह समझौता साबित करता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद उपजे वैश्विक संकट में अब भारत दुनिया के लिए सबसे सुरक्षित और किफायती लॉन्च पार्टनर बनकर उभरा है। इसके बाद अब भारत ग्लोबल सैटेलाइट इंटरनेट मार्केट में एलन मस्क को कड़ी टक्कर देने जा रहा है।

### क्या है वनवेब प्रोजेक्ट?

एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की तरह ही वनवेब भी अंतरिक्ष से पूरी दुनिया में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाना चाहता है। इसके लिए उन्हें पृथ्वी की निचली कक्षा में सैकड़ों छोटे सैटेलाइट्स का एक जाल बिछाना है। इसके लिए उन्होंने इसरो का साथ लिया है। अब इसरो अपने सबसे भारी रॉकेट एलवी3 (जिसे पहले जीएसएलवी एसके-3) कहा जाता था) के जरिए इन सैटेलाइट्स को स्पेस में सही ऑर्बिट में पहुंचाएगा।



### एलन मस्क को सीधी चुनौती

वनवेब (जिसमें भारत के सुनील भारती मित्तल की बड़ी हिस्सेदारी है) और यूटेलसैट की यह डील सीधे तौर पर स्पेसएक्स के एकाधिकार को चुनौती दे रही है।

### भारत को क्या होगा फायदा?

इस डील से भारत को करोड़ों डॉलर का फायदा होगा. रूस के सोयुज रॉकेट पर पाबंदी के बाद, दुनिया की बड़ी कंपनियां अब चीन के बजाय भारत पर भरोसा जता रही हैं। वनवेब के सक्रिय होने से भारत के सुदूर गांवों, पहाड़ों और रेगिस्तानों में भी फाइबर केबल बिछाए बिना हाई-स्पीड इंटरनेट मिल सकेगा।




### अंतरिक्ष से हर 30 मिनट में आ रही रहस्यमयी चीख!


**नई दिल्ली।** ब्रह्मांड के किसी सुदूर कोने से आने वाली एक रहस्यमयी आवाज ने भारतीय वैज्ञानिकों और पूरी दुनिया की स्पेस कम्युनिटी को हैरत में डाल दिया है। आमतौर पर अंतरिक्ष से आने वाले रेडियो बर्स्ट कुछ मिलीसेकंड के होते हैं, लेकिन हाल ही में रिकॉर्ड किए गए 30 मिनट लंबे सिग्नल ने विज्ञान के पुराने नियमों को गलत साबित कर दिया है।




# कैलाश पर्वत का ऐसा दृश्य पहले कभी नहीं देखा, मन मोह लेगा नजारा!

**नई दिल्ली।** बादलों के सफेद समंदर को चीरती हुई उड़ती फ्लाइट और अचानक सामने उभरता रहस्यमयी कैलाश यह नजारा किसी सपने से कम नहीं लगता। क्या आपने कभी अपनी आंखों से ऐसा सुकून देने वाला, रूहानी दृश्य देखा है? सोशल मीडिया पर इन दिनों कैलाश पर्वत का एक बेहद दुर्लभ वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। प्लेन की खिड़की से कैद इस एरियल व्यू को देखकर लोग हैरान रह गए हैं।

यह दृश्य इतना अद्भुत है कि मानो खुद महादेव के दर्शन हो रहे हों। कहा जाता है कि हिमालय की ऊंचाइयों में एक ऐसी आध्यात्मिक ऊर्जा होती है, जो इंसान को खुद से जोड़ देती है। जब नजरें दुनिया के सबसे रहस्यमयी पर्वत कैलाश पर टिकती हैं, तो रोमांच और श्रद्धा दोनों ही चरम पर पहुंच जाते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बादलों की सफेद चादर के बीच से झांकता कैलाश पर्वत दिखाई दे रहा है। इस अद्भुत दृश्य को देखकर लोग भावविभोर हो रहे हैं



और 'हर हर महादेव' का जयकारा लगा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में एक यात्री ने फ्लाइट की खिड़की से इस दुर्लभ नजारे को कैद किया है।जैसे ही सूरज की किरणें बर्फ से ढकी चोटियों पर पड़ती हैं, पूरा पर्वत सुनहरी चमक से दमकने लगता है। करीब 6,638 मीटर ऊंचा यह पर्वत न सिर्फ हिंदू धर्म, बल्कि बौद्ध और जैन धर्म में भी बेहद पवित्र माना जाता है। इस वीडियो को अब तक लाखों लोग देख चुके हैं और कमेंट सेक्शन में लोगों की भावनाएं उमड़ पड़ी हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com